नये जमाने के साथ..

# यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 92 ● कटनी ● शुक्रवार,5 मई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

**जबलपुर में आज का मौसम**

आज सुबह का तापमान

24.8 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

26.0 डिसे

आसमान पर बादल छाए शाम तक बारिश के आसार






# मणिपुर में हालात तनावपूर्ण ट्रेनों की आवाजाही पर रोक

**चप्पे-चप्पे पर जवान इंटरनेट बंद, फेक वीडियो पर सेना का अलर्ट**





■ इम्फाल, एजेंसी।

पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में अचानक हिंसा भड़क गई। राज्य की आबादी में 53 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले गैर-आदिवासी मैती समुदाय की एसटी दर्जे की मांग के विरुद्ध आल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन मणिपुर (एटीएसयूएम) ने बुधवार को 10 पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च का आयोजन किया था। राज्य में आदिवासियों की आबादी लगभग 40 प्रतिशत है। इस मार्च के दौरान हिसा भड़क गई। देखते ही देखते हालात बेकाबू हो गए। ¬गुरुवार को हालात इस कदर बेकाबू हो गए कि रात में ही सेना और असम राइफल्स की 55 टुकड़ियां (कालम) तैनात कर दी गई। सरकार ने दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। वहीं, अब पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मणिपुर जाने वाली ट्रेनों को रोक दिया है। भारतीय सेना ने कहा है कि मोरेह और कांगपोकपी क्षेत्रों में स्थिति अब नियंत्रण में और स्थिर है. भारतीय सेना ने आगे कहा कि इम्फाल और चुराचांदपुर क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं. मणिपुर में अतिरिक्त सैनिकों की एहतियाती तैयारी जारी है. नगालैंड से भी अतिरिक्त जवानों को फिर से मणिपुर के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में तैनात किया गया है. मणिपुर के 16 में से 8 जिलों में कर्फ्यू है. सरकार ने सुरक्षाबलों को दंगाइयों को देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किया है. मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने के बाद, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मणिपुर जाने वाली सभी ट्रेनों को फिलहाल के लिए रोक दिया है. एनएफ रेलवे के सीपीआरओ सब्यसाची डे ने एजेंसी से कहा, 'स्थिति में सुधार होने तक कोई ट्रेन मणिपुर में प्रवेश नहीं कर रही है. मणिपुर सरकार द्वारा ट्रेन की आवाजाही रोकने की सलाह के बाद यह निर्णय लिया गया है.' मणिपुर के राज्यपाल की ओर से जारी आदेश में कहा गया है, 'समझाने और चेतावनी के बावजूद स्थिति काबू में नहीं आने पर देखते ही गोली मारने की कार्रवाई की जा सकती है.' भारतीय सेना ने कहा, 'इसके अलावा, अतिरिक्त टुकड़ियों को मणिपुर पहुंचाने के लिए भारतीय वायु सेना गुवाहाटी और तेजपुर से आज रात उड़ान का संचालन करेगी. मणिपुर में सेना और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है और ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन (ऋस्र) मणिपुर द्वारा मीतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने के विरोध में आयोजित एक रैली के दौरान 3 मई को भड़की हिंसा के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

## सेना ने लोगों से फर्जी वीडियो से सावधान रहने को कहा

इस बीच जनजातीय समूहों द्वारा कई जिलों में रैलियां निकालने के बाद मणिपुर में कानून और व्यवस्था में व्यवधान के बाद, भारतीय सेना ने नागरिकों से केवल आधिकारिक और सत्यापित स्रोतों के माध्यम से सामग्री पर भरोसा करने का आग्रह किया है. सेना ने लोगों से फर्जी वीडियो से सावधान रहने को कहा. भारतीय सेना के स्पीयर कॉर्प्स ने एक ट्वीट में कहा, 'असम राइफल्स पोस्ट पर हमले के वीडियो सहित मणिपुर में सुरक्षा स्थिति पर नकली वीडियो निहित स्वार्थों के लिए असामाजिक तत्वों द्वारा प्रसारित किया जा रहा है. ।सेना के प्रवक्ता ने बताया कि अब तक 9,000 लोगों को सुरक्षाबलों ने हिंसा प्रभावित इलाकों से निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है।

## यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला को देखने मेदांता अस्पताल पहुंचे राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा


Vivek Tankha
@VTankha

मेदान्ता गुडगाँव में प्रिय आशीष ( @ShuklaAshish16 ) से मिला। एक लम्बी और जटिल शल्यक्रिया के पश्चात आशीष अब स्वस्थ्य है.
देश के प्रतिष्ठित सर्जन डॉ नरेश त्रेहन की देख रेख में आशीष का इलाज चल रहा है.
हम सभी आशीष के शीघ्र स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना करते हैं
Translate Tweet





नई दिल्ली, यशभारत। राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा आज गुड़गाँव के मेदान्ता अस्पताल में सफल काम्प्लेक्स सर्जरी के उपरांत स्वास्थ्य लाभ ले रहे यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से मुलाकात कर उनको शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना के साथ शुभाशीष दिया। श्री तन्खा ने अपने ट्वीट में कहा कि मेदान्ता गुड़गाँव में प्रिय आशीष से मिला। एक लम्बी और जटिल शल्यक्रिया के पश्चात आशीष अब स्वस्थ्य है। देश के प्रतिष्ठित सर्जन डॉ नरेश त्रेहन की देख रेख में आशीष का इलाज चल रहा है। हम सभी आशीष के शीघ्र स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना करते हैं। जिस दिन अस्पताल में आपरेशन चल रहा उस दिन भी विवेक कृष्णा तन्खा मौजूद थे। उन्होंने उस दिन ट्वीट में कहा था कि मेरे परिवार के सदस्य आशीष ( आशीष शुक्ला यश भारत ) की @medantaindia हॉस्पिटल दिल्ली में काम्प्लेक्स सर्जरी चल रही है। डॉक्टरों की सूचना अनुसार एवं ईश्वर की कृपा से आशीष सामान्य और स्थिर है।



## बहराइच में तेज रफ्तार डंपर ने टेंपो को उड़ाया... 5 लोगों की मौत, 10 की स्थिति गंभीर

■ बहराइच, एजेंसी।

लखनऊ मार्ग पर कैसरगंज कस्बे में गुरुवार रात एक बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। ऑटो सवार लोगों को एक डंपर ने रौंद दिया। हादसे में ऑटो सवार पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि 10 लोग गंभीर लोग से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मृत लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सभी लोग तिलक कार्यक्रम से वापस अपने घर आ रहे थे। जिले के हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनी निवासी मंशाराम की बेटी का विवाह कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के रुकनापुर गांव से तय हुआ था। गुरुवार को तिलक कार्यक्रम था। जिस पर मंशाराम रिश्तेदार और परिवार के लोगों के साथ तिलक लेकर रूकनापुर गांव ऑटो से गया था। तिलक कार्यक्रम निपटाने के बाद सभी रात में वापस लौट रहे थे। रात एक बजे के आसपास सभी ऑटो सवार लखनऊ-बहराइच मार्ग पर कैसरगंज कोतवाली के मदनी हॉस्पिटल के सामने पहुंचे। तेज रफ्तार में डंपर ने ऑटो को रौंद दिया। हादसे में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई। इसमें लड़की की बहन भी शामिल है। जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। डंपर चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया है। उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

## जमीन के विवाद में मुरैना के लेपा गांव में खूनी संघर्ष

# फायरिंग में चार से पांच लोगों की मौत



■ मुरैना, यशभारत।

मुरैना के सिहौंनिया थाना क्षेत्र के तहत लेपा गांव में जमीन के विवाद में दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया। संघर्ष के दौरान दोनों गुटों के लोगों ने लाठियों से हमला किया और बंदूकों से फायरिंग की। फाइरिंग में चार से पांच लोगों के मरने व आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। घटना की सूचना मिलते ही सिंहौनिया सहित आसपास के थानों से भी पुलिस बल लेपा गांव भेजा गया है। घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थति बनी हुई है। खबर लिखे जाने तक घटनाक्रम की अधिक जानकारी नहीं मिली थी और मौके पर पुलिस भी नहीं पहुंची थी। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बताई जाती है।लेपा गांव के रंजीत तोमर व राधे तोमर के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 2014 में दोनों पक्षों के बीच में विवाद हुआ और रंजीत तोमर के पक्ष ने राधे तोमर के परिवार के दो तीन लोगों की हत्या कर दी थी। इसके बाद से रंजीत तोमर का परिवार गांव छोड़कर चला गया था। कुछ दिन पहले ही वह गांव में लौटा तो बदला लेने की नीयत से हमला किया।


**सभी मृतक रंजीत तोमर पक्ष के-** लेपा गांव में जमीन विवाद के दौरान जिन लोगों की मौत हुई है उनमें तीन महिलाएं व दो पुरुष हैं और एक महिला की हालत खराब बताई जा रही है। सभी मृतक रंजीत तोमर पक्ष के हैं। हालांकि इनमें ग्रामीणों के मुताबिक पांच लोगों की मौत हुई है। और पुलिस के मुताबिक तीन लोगों की मौत हुई है। विवाद में जिन लोगों के मरने की सूचना है उनमें रंजीत के परिवार के गजेंद्र तोमर, उनका बेटा संजू तोमर व फुंदी तोमर के मरने की सूचना है। साथ ही महिलाओं मे फुंदी व संजू की पत्नियों की हालत नाजुक है। साथ जो तीन घायल है। उनमें वीरेंद्र तोमर, विनय तोमर व विनय की पत्नी है।

**बदला लेने के लिए ही आया था परिवार गांव में-** बताया जाता है कि राधे पक्ष का परिवार 2014 के बाद गांव छोड़कर चला गया था। लेकिन अभी कुछ दिन पहले ही गांव में आया था। बताया जाता है कि यह परिवार पुराने विवाद का बदला लेने के लिए गांव में आया था। आज तक रणनीति बनाता रहा और शुक्रवार सुबह रंजीत के परिवार पर हमला कर दिया।

## काला धन मैनेज करना पड़ेगा महंगा, अब चार्टर्ड अकाउंटेंट व पेशेवर भी बनेंगे आरोपी

■ इंदौर, यशभारत।

काली और गैर कानूनी स्त्रोतों से हुई कमाई को मैनेज करने में मदद करना अब कर पेशेवरों पर भी भारी पड़ेगा। ऐसी कमाई का निपटारा करने और काले धन को कानूनी जामा पहनाने के रास्ते दिखाने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) और कास्ट अकाउंटेंट भी प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट में आरोपित बनाए जाएंगे। तीन मई को वित्त मंत्रालय ने प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट 2002 में संशोधन कर यह प्रविधान शामिल कर लिया है। ताजा संशोधन के अनुसार काले धन से अर्जित संपत्ति की खरीदी



बिक्री में मदद करने वाले पेशेवर, ऐसे लोगों के धन का मैनेजमेंट करने वाले, बैंक खाते व अन्य अकाउंट मैनेज करने वाले, ऐसे धन को शोधित करने के लिए कंपनियां बनाने में मदद करने वाले पेशेवरों पर भी कानून लागू होगा। ऐसे किसी भी मामले में किसी नागरिक जिस पर पीएमएलए लागू होता है तो उसकी मदद करने वाले सीए, सीए आदि पर भी यह कानून लागू होगा। ताजा संशोधन के बाद सीए और कर पेशेवरों में हड़कंप मच गया है। दरअसल पीएमएलए एक्ट में कार्रवाई अवैध स्त्रोतों से अर्जित आय पर की जाती है। इसमें ड्रग्स, आंतकवाद, हथियार और अन्य गैर कानूनी स्त्रोत तो आते ही हैं। सरकारी अधिकारी जो अपने पद और स्थिति का दुरुपयोग कर अवैध संपत्ति एकत्र करते हैं उन पर भी इस कानून में कार्रवाई होती है। ऐसे में सीए और पेशवरों की घबराहट स्वभाविक है। दरअसल काली कमाई को मैनेज करने के लिए ऐसे तमाम अधिकारी भी पेशेवरों की मदद लेते हैं। संपत्ति में बढ़े पैमाने पर काला धन निवेश किया जाता है, बल्कि शैल कंपनियां भी बनाई जाती है। अब तक आयकर और अन्य विभाग सीए को सिर्फ हिरासत में लेकर और गिरफ्तार कर पूछताछ करते थे और उन्हें गवाह बनाते थे। अब नए कानून से वे सीधे आरोपित बनाए जाएंगे।कानून के अनुसार संबंधित आरोपित की पूरी संपत्ति जब्त हो सकती है। साथ ही उन पर क्रिमिनल केस चलाकर उन्हें जेल में भी डाला जा सकता है। ताजा संशोधन के बाद कर पेशेवरों में घबराहट फैल गई है। दरअसल बीते वर्षों में किए ऐसे आर्थिक व्यवहार आने वाले समय में सामने आने पर भी उन पर कार्रवाई हो सकेगी।

## राहुल गांधी को दोषी ठहराने वाले जज समेत 68 का प्रमोशन अटका

**सुप्रीम कोर्ट करेगा 8 मई को सुनवाई**

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



65 प्रतिशत कोटा नियम के तहत ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हरीश हसमुखभाई वर्मा सहित 68 न्यायिक अधिकारियों के प्रमोशन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 8 मई को सुनवाई करेगा. हरीश हसमुखभाई वर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि का दोषी ठहराया था और उन्हें दो साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई थी. जिसके बाद राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म हो गई थी. गुजरात के सीनियर सिविल जज कैडर के दो न्यायिक अधिकारियों ने हरीश हसमुखभाई वर्मा सहित इन 68 न्यायिक अधिकारियों के प्रमोशन को चुनौती दी है। एक अंग्रेजी दैनिक की एक खबर के मुताबिक गुजरात सरकार के कानूनी विभाग में अवर सचिव रविकुमार मेहता और गुजरात राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहायक निदेशक सचिन प्रतापराय मेहता ने डिस्ट्रिक्ट जज कैडर के लिए 68 न्यायिक अधिकारियों के चयन को चुनौती देने वाली याचिका दायर की है. 28 मार्च को दायर की गई याचिका में सुप्रीम कोर्ट से इन नियुक्तियों को रद्द करने की अपील की गई है. याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील पुरविश मलकान ने 10 मार्च को हाईकोर्ट द्वारा जारी चयन सूची और राज्य सरकार द्वारा उनकी नियुक्ति की अधिसूचना को रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की मांग की।

## राज्य प्रशासनिक सेवा के 33 अधिकारियों को मिलेगा आईएएस संवर्ग

■ भोपाल, यशभारत।

राज्य पुलिस सेवा से आईपीएस संवर्ग में चयन के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक होने के बाद अब राज्य प्रशासनिक सेवा से आईएएस संवर्ग में चयन के लिए बैठक होगी। संघ लोक सेवा आयोग ने गुरुवार को इसके लिए 19 मई की तिथि निर्धारित कर दी है। इसमें वर्ष 2002 से 2006 बैच के 33



अधिकारियों का चयन किया जाएगा। प्रदेश में राज्य प्रशासनिक सेवा से आइएएस संवर्ग में चयन के लिए वर्ष 2021 के 19 और और 2022 के 14 पद उपलब्ध हैं। सामान्य प्रशासन विभाग इस प्रयास में लगा था कि दोनों वर्षों की डीपीसी एक साथ हो जाए। इसके लिए संशोधित प्रस्ताव भेजा गया था।आयोग ने पहले 27 मार्च को बैठक के लिए तिथि निर्धारित कर दी थी, लेकिन यह नहीं हो पाई। विभाग ने प्रयास किया कि राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों की डीपीसी के साथ बैठक हो जाए, पर आयोग के सदस्यों की व्यस्तता के कारण संभव नहीं हो सका। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि एक पद के लिए तीन नाम प्रस्तावित किए गए हैं।

## एनसीपी को आज मिलेगा नया चीफ

■ मुंबई, एजेंसी।



**शरद पवार ने कहा- 15 सदस्यीय कमेटी जो फैसला लेगी, मुझे मंजूर होगा**

शरद पवार के एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफे के बाद नया अध्यक्ष चुनने के लिए शुक्रवार को 15 सदस्यीय कमेटी की बैठक हो रही है। पवार ने कहा है, कमेटी जो फैसला लेगी, मुझे मंजूर होगा। इधर कार्यकर्ता इस्तीफे का विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पार्टी के मुख्यालय पहुंचे। पवार ने सभी मुलाकात की। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि पवार के अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद कई गैर-भाजपा दलों के नेताओं ने उन्हें अगले लोकसभा चुनाव तक पार्टी अध्यक्ष बने रहने की सलाह दी थी। बुधवार को पवार ने भी कहा था कि उन पर इस्तीफा वापस लेने के लिए भारी दबाव है। हालांकि उनके भतीजे अजित ने कहा कि साहब का फैसला पलटता नहीं है। इधर, शरद पवार के इस्तीफे के ऐलान के एक दिन बाद जितेंद्र आव्हाड ने पार्टी महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद विधायक अनिल पाटिल ने भी शरद पवार को त्यागपत्र भेजा था। बुधवार को मुंबई के यशवंत राव चव्हाण सेंटर में 15 सदस्यीय कमेटी की मीटिंग हुई। इसमें पार्टी के नए अध्यक्ष बनाने को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष की दौड़ में अजित पवार, सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल का नाम आगे है। हालांकि, प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि वे अध्यक्ष पद के लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें पार्टी ने पहले ही बड़ी जिम्मेदारी दे रखी है।

## 130 साल बाद चंद्र ग्रहण और बुध पूर्णिमा का अद्भुत संयोग, मान्य नहीं होगा सूतक काल

■ पटना, एजेंसी।

वर्ष 2023 का पहला चंद्र ग्रहण आज यानी पांच मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन लगने वाला है. चंद्र ग्रहण और बुद्ध पूर्णिमा का अद्भुत संयोग लोगों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालेगा. हालांकि, इसको लेकर लोगों में काफी संशय बना हुआ है. बिहार की राजधानी पटना के ज्योतिषाचार्य डॉ. श्रीपति त्रिपाठी ने बताया कि बुध पूर्णिमा के मौके पर साल का पहला चंद्र ग्रहण लग रहा है. इसका असर रात के 8¬46 मिनट से लेकर एक बजे तक रहेगा. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत में इसे नहीं देखा जा सकता है, इसलिए यहां यह चंद्र ग्रहण मान्य नहीं होगा. पांच मई को लगने वाला चंद्र ग्रहण उप छाया चंद्र ग्रहण रहेगा. इसका मतलब यह हुआ कि चंद्रमा पर पृथ्वी की छाया एक तरफ रहने के कारण यह ग्रहण हर जगह नहीं देखा जाएगा. भारत में भी यह ग्रहण नहीं देखा जाएगा. इसलिए यहां



इसका सूतक नहीं होगा. यह चंद्र ग्रहण यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, अंटार्टिका समेत अलग-अलग जगहों पर रहेगा. रात्रि में 8.46 मिनट से चंद्रग्रहण आरंभ होगा और देर रात एक बजे तक रहेगा. उपछाया चंद्र ग्रहण रहने के कारण सूतक काल मान्य नहीं होगा। डॉ. श्रीपति त्रिपाठी के अनुसार चंद्र ग्रहण और बुध पूर्णिमा का अद्भुत संयोग 130 वर्ष के बाद हो रहा है. इस दौरान चंद्र ग्रहण पर विशेष ध्यान देने के बजाय बुद्ध पूर्णिमा पर ध्यान देने की जरूरत है. बुद्ध पूर्णिमा के दिन खास तौर पर भगवान श्रीकृष्ण का ध्यान करें और उनके मंत्र का पाठ करें।

# बजरंग दल पर कांग्रेस का यू-टर्न

**कहा- बैन की कोई योजना नहीं, सत्ता में आए तो हनुमानजी के नाम पर चलाएंगे स्कीम**

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस का घोषणापत्र जारी होते ही विवाद शुरू हो गया। बजरंग दल संगठन को बैन करने के वादे को लेकर कर्नाटक में घमासान शुरू हो गया। तमाम विवादों के बीच कांग्रेस ने गुरुवार को यू टर्न ले लिया। कांग्रेस ने कहा कि वह बजरंग दल पर किसी भी प्रतिबंध पर विचार नहीं कर रही है। उन्होंने बीजेपी पर भावनाओं को भड़काने का आरोप लगाया। शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस बजरंग दल पर बैन नहीं लगा रही बल्कि कर्नाटक में अंजनेया (हनुमान) मंदिरों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस कर्नाटक की सत्ता में आती है तो प्रदेश के हनुमान मंदिरों का जीर्णोद्धार करेंगे। शिवकुमार ने कहा, ¬हम भगवान हनुमान के नाम पर विशेष योजनाएं शुरू करेंगे। हर तालुक में, युवाओं की मदद के लिए, हम उनके नाम पर कार्यक्रम शुरू करेंगे।¬ डीके शिवकुमार ने मैसूर में चामुंडेश्वरी मंदिर में दर्शन के बाद बीजेपी पर निशाना साधते हुए सवाल किया, ¬मैसूरु और बेंगलुरु के बीच 25 मंदिर हैं। क्या भाजपा नेताओं ने कभी उनकी परवाह की?



### मुद्दे को भावनात्मक बना रही बीजेपी

इधर बीजेपी ने कांग्रेस पर लगातार निशाना साध रखा है। चुनाव प्रबंधन समिति की अध्यक्ष शोभा करंदलाजे ने बेंगलुरु में ¬हनुमान चालीसा¬ पाठ के साथ हमले का नेतृत्व किया। शिवकुमार के अनुसार, कांग्रेस हमेशा से भगवान हनुमान की भक्त रही है। लेकिन हम संगठन बनाकर किसी को भी भगवान के नाम पर कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं देंगे और हम ऐसी ताकतों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगे।

### चुनाव प्रचार में हनुमान जी का नाम लेने पर पीएम के खिलाफ EC में शिकायत


कर्नाटक में चार दिन बाद विधानसभा चुनाव के लिए मतदान है। इससे पहले सियासी घमासान चरम पर है। ताजा खबर यह है कि चुनाव प्रचार के दौरान हनुमान जी का नाम लेने पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ शिकायत की है। इस बीच, सत्ता में आने पर बजरंग दल पर बैन लगाने के कांग्रेस के वादे के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस ने कर्नाटक में चुनावी रैलियों के दौरान भगवान हनुमान के नाम का इस्तेमाल करने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ मुख्य चुनाव अधिकारी से शिकायत की। पीएम मोदी बजरंग दल पर पाबंदी लगाने के कांग्रेस के वादे को लेकर दो मई से ही उस पर निशाना साध रहे हैं और इस कदम की तुलना बजरंगबली को ताले में बंद करने से कर रहे हैं।

**यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें**

**मो. 9407348995, 7999718732**

## तूफान मोका की आहट, अलर्ट जारी

■ नई दिल्ली, ईएमएस।




भारत में इस साल के पहले तूफान मोका की आने की आहट अब सुनाई देने लगी है. इसी के चलते भारतीय मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट जारी कर दिया है. हालांकि अभी इस चक्रवाती तूफान के रास्ते के बारे में जानकारी नहीं है. आशंका जताई जा रही है कि मोका तूफान साल 2022 में आए असानी की तरह तबाही मचा सकता है. आईएमडी के मुताबिक दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी पर 6 मई को चक्रवात डिवलेप हो सकता है. 7 मई को यहां हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनेगा. 8 मई को यह उत्तर दिशा में मध्य बंगाल की खाड़ी की तरफ बढ़ते हुए चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। चक्रवाती तूफान के रास्ते और उसकी तीव्रता के बारे में ज्यादा जानकारी 7 मई को पता चलेगी. मोका तूफान के चलते 7 और 8 मई को अंडमान-निकोबार में ज्यादातर हल्की बारिश होगी. कुछ जगहों पर भारी बारिश भी होने की संभावना है. 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं. 10 मई को यही स्पीड 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है. 7 मई से मछुआरों, छोटे जहाज, नावों और पर्यटकों को दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी से दूर रहने की सलाह दी गई है।

**बुध पूर्णिमा विशेष**

# यहां गूंजा था बौद्ध धर्म के प्रचार का धम्मघोष

## कटनी के रूपनाथ में सम्राट अशोक के आने के प्रमाण, पत्थर पर लिखा है बौद्ध धर्म पालन का आदेश



**कटनी, यशभारत।** अगर आपसे कहा जाए कि सम्राट आशोक ने कटनी जिले के अंतर्गत बहोरीबंद जनपद के रूपनाथ में एक विशाल चट्टान पर बौध धर्म के पालन का आदेश लिखवाया था तो थोड़ा विश्ववास करना मुश्किल होगा। वह भी दूसरी और तीसरी सदी में। मगर यह एकदम सत्य है। सम्राट आशोक के कटनी के रूपनाथ आने के साथ साथ बौध धर्म के प्रचार का जो प्रमाण यहां मौजूद है उसे हर कटनी वासी का जरूर जानना चाहिए। वैसे तो कटनी जिले में ऐसे एक नहीं सैकड़ा ऐतिहासिक महत्व के स्थान हैं जो बताते हैं कि पूरा कटनी जिला वैभवशाली और संपन्न जिला था। कलचुरी कालीन सभ्यता के प्रमाण इस बात की ओर इशारा करते हैं कि कटनी और इसके आसपास का इलाका राजाओं का काफी पसंद था। बहरहाल आज बुध पूर्णिमा है अत: भगवान बुध से जुड़ी यह खबर को बताने की कोशिश यशभारत ने की है।

### धम्मघोष बौध धर्म के लिए लिखा संदेश यह कहें आदेश

बौध धर्म को अपनाते हुए सम्राट अशोक ने इसके प्रचार प्रसार के लिए देश में कई स्थानों पर एक आदेश लिखवाया था। इसे धम्मघोष कहा जाता है। ऐसा ही धम्मघोष कटनी के रूपनाथ में एक शिला पर मौजूद है। इस शिला पर पाली भाषा में बौध धर्म को लेकर एक आदेश लिखा है। वैसे तो यह भाषा समझ नहीं आती लेकिन पुरातत्व विभाग ने शिला पर लिखी इस भाषा को समझने पर लंबा रिसर्च कर यह निष्कर्ष निकाला कि यह पाली भाष है जिसका दूसरी और तीसरी शताब्दि में उपयोग होता भा। सम्राट अशोक के राजकाज में यह भाषा परम वैभव पर थी लिहाजा इस भाषा में पत्थर पर अंकित करा कर बौध धर्म को लेकर यह संदेश या कहें आदेश लिखवाया गया था।

### रूपनाथ ही क्यों चुना गया

सवाल यह है कि इसके लिए बहोरीबंद के रूपनाथ क्षेत्र को क्यों चुना गया था। इस पर इतिहास के विशेषज्ञ बताते हैं कि कटनी के पत्थर मूर्तियों के निर्माण में काफी अच्छा माना जाजा था। राजा कर्ण ने इसीनिए बिलहरी में अपने राजकाज के दौरान कटनी के कारीतलाई क्षेत्र में प्रतिमा निर्माण के कार्यस्थल को बनवाया था जहां न सिर्फ प्रतिमाओं को जराशा जाता था बल्कि यहां के पत्थर को अन्य जगह ले जाकर इसे विविध स्वरूप दिये जाते थे। रूपनाथ नाम के अनुरूप बेहद सुंदा स्थान था इस यह पठार क्षेत्र में एक ऐसा स्थान था जहां कटनी ही नहीं समीपी बुंदेलखंड के लोगों को आना जाना था इसलिए ही सम्राट का यह संदेश वाहक शिलालेख रूपनाथ में रखवाया गया था।

### क्या खास है रूपनाथ में

रूपनाथ धाम रूपनाथ धाम खूबसूरत कैमोर पहाड़ियों के अंत में स्थित है, जो सड़क के साथ रूपनाथ धाम तक चलता है। यह एक तीन मंजिला मंदिर है, जिसमें भूमि तल भगवान शिव-पार्वती, भगवान राम-जानकी की पहली मंजिल और भगवान कृष्ण-राधा की दूसरी मंजिल को समर्पित है। मंदिर के नजदीक तीन कुंड हैं, जो एक बड़ी चट्टान पर प्राकृतिक रूप से बने हैं। राम कुंड, सीता कुंड और लक्ष्मण कुंड के इन कुंडों में हमेशा उनके माध्यम से साफ पानी होता है। पहाड़ी के ऊपर एक विशाल भंडार है, जो इन कुंडों के पानी का स्रोत है। सभी कुंडों को एक बड़े पूल में परिवर्तित कर दिया गया है, लेकिन वहां स्नान या तैराकी प्रतिबंधित है। इस जगह का दूसरा महान आकर्षण 232 बीसी की अशोकन कविता जो कि एक बड़े पत्थर पर उत्कीर्ण है, जो बौद्ध धर्म का पालन करने के लिए पाली भाषा में लिखी गई एक आदेश है। लौटने के दौरान विशाल बहरीबंद जलाशय पर जाएं। बाईं ओर एक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सीधे जलाशयों की ओर जाती है। रूपनाथ धाम बहरीबंद टाउन से 5 किमी और कटनी से 40 किमी दूर है।



## आयुध निर्माणी कटनी के यूनियन मंच पर कल होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** आयुध निर्माणी कटनी के यूनियन मंच पर कल शनिवार, 06 मई को सायं 8. 00 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। यह कार्यक्रम निर्माणी की कार्य समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्य समिति सचिव एवं निर्माणी के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता तथा सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले देवेंद्र पाढ़ी ने बताया कि इस बार के आयोजन में जबलपुर के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। ऑर्केस्ट्रा के कलाकार अपनी गायकी एवं नृत्य से जनता का मन मोह लेंगे। हालांकि यह कार्यक्रम मजदूर दिवस की पूर्व संध्या 30 अप्रैल को होने वाला था किंतु खराब मौसम की वजह से इसे स्थगित करना पड़ा। अब यह कार्यक्रम 06 मई को होगा। कार्य समिति उपाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि निर्माणी के कर्मचारियों में इस आयोजन को लेकर उत्साह है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, निर्माणी के महाप्रबंधक उमेश दास हैं। विशिष्ट अतिथि नगर निगम कटनी की महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी हैं। विशिष्ट अतिथियों में अपर महाप्रबंधक बी. व्ही. राव एवं महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती किरण दास की उपस्थिति कार्यक्रम को बल प्रदान करेगी। आ. फै. कर्मचारी यूनियन के महामंत्री रजनीश शर्मा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई है। उनके प्रयास से ही इंटक के कटनी जिलाध्यक्ष बी. एम. तिवारी की उपस्थिति भी इस आयोजन का आकर्षण होगी। आयुध निर्माणी कटनी मजदूर संघ के अध्यक्ष एवं जे. सी. एम. तृतीय शिव पाण्डेय, जिनके मार्गदर्शन में यह आयोजन सृजित है से बात करने पर उन्होंने मजदूरों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा किसी भी संस्था, समाज, उद्योग या देश के विकास में मेहनतकश मजदूरों की अहम भूमिका होती है। कामगारों के बिना कोई भी औद्योगिक ढाँचा खड़ा नहीं रह सकता। उन्होंने संगठित और असंगठित क्षेत्र के सभी मजदूरों को एक होने का संदेश दिया है

**भाजपा की चुनावी तैयारियों का सिलसिला शुरू**

## 14 मई तक बूथ विजय संकल्प अभियान

### शक्ति केंद्रों में अभियान के तहत होंगे विभिन्न संगठनात्मक आयोजन



**कटनी, यशभारत।** भाजपा जिला कार्यालय में कल कामकाजी बैठक आयोजित हुई जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने उपस्थित पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया बूथों को पूरी तरह सक्रिय और जीवंत बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज 4 मई से बूथ विजय संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। 14 मई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान अनेक कार्यक्रम होंगे। श्री टण्डन ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के 182 शक्ति केंद्रों में कार्यकर्ताओं को जनता तक शासन की योजना किस तरह पहुंचाई जाए, इसके लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद 15 मई से 15 जून तक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में पार्टी के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सांसद व विधायक जन-जन से संपर्क कर उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने आगे कहा कि बूथ इकाई ही हमारी सांगठनिक संरचना की मूल कड़ी है. यदि हमने बूथ सशक्त कर लिया, तो हमें कोई हरा नहीं सकता बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत हमें इस बार बूथों पर विशेष कार्यप्रणाली विकसित करनी है। शक्ति केंद्रों के आधार पर हमें प्रत्येक 10 बूथों का एक क्लस्टर गठित करना है जिसमें मुख्यतः दो शक्ति केंद्र आएंगे तथा एक क्लस्टर में स्थित प्रत्येक बूथों से बीस-बीस मुख्य कार्यकर्ताओं का चयन करना है तथा चयनित कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित करना है। अपने बूथों के मुख्य कार्यकर्ताओं को समस्त सांगठनिक गतिविधियों से अवगत कराना व सरकार की जनहितैषी नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी देनी है ताकि हमारे बूथ के मुख्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से हमारी नीति रीति तथा उपलब्धियां जन सामान्य के बीच पहुंच सकें। बूथ विजय संकल्प अभियान के माध्यम से हमे अपनी पार्टी की आगामी चुनावों मे विजय सुनिश्चित करने के साथ साथ हमारे जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं का मनोबल को और अधिक ऊर्जावान बनाते हुए मजबूत करना है साथ ही उनके गरिमा और सम्मान को बढ़ाना है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, मृदुल द्विवेदी, रणवीर कर्ण, गीता गुप्ता, सुरेश राय, भारत पटेल, जिला मंत्री रामू साहू, धीरेंद्र सिंह, शिवम शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंघानिया, अम्बरीष वर्मा, मंडल प्रभारी ओंकार मिश्रा, रवि खरे, ललित जायसवाल, कौशल दुबे, आशुतोष शुक्ला, अर्पित अग्रवाल, सचिन तिवारी, यज्ञदत्त मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, मनीष दुबे, वागीश आनंद, ब्रजेन्द्र सिंह, मोर्चा अध्यक्ष सीमा जैन, नवाब खान, मृदुल मिश्रा, राजेन्द्र कोल, संकल्प तिवारी, गुरदीप सिंह, देवेंद्र सोनी उपस्थित थे।

## साल का पहला चंद्रग्रहण आज




**कटनी, यशभारत।** इस साल का पहला चंद्र ग्रहण आज यानी पांच मई की रात को लगने जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार जब सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आती है व तीनों ग्रह एक सीधी रेखा में होते हैं, तब चंद्र ग्रहण लगता है. मगर जब तीनों ग्रह एक सीधी लाइन में हो, और पृथ्वी की सीधी छाया चंद्रमा पर न पड़े तो उपछाया चंद्र ग्रहण लगता है. यह उपछाया चंद्र ग्रहण बेहद दुर्लभ होता है और दशकों में एक या दो बार ही लगता है. इस चंद्र ग्रहण के दिन कई शुभ योग भी बन रहे हैं, जो राशियों को कई तरह से प्रभावित कर सकते हैं. यह चंद्र ग्रहण भारत मे नहीं दिखेगा जिस वजह से इसका जिक्र काशी पंचाग, महावीर पंचाग, विक्रमी पंचाग, हिन्दू पंचाग सहित कई अन्य पंचांग में भी नहीं किया गया है.। हालांकि, विश्व पंचांग सहित अन्य गिने चुने पंचागों में ही इसका जिक्र किया गया है। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि साल का पहला चंद्र ग्रहण पांच मई की रात में लग रहा है। तुला राशि व स्वाति नक्षत्र में आरंभ होकर विशाखा नक्षत्र में चन्द्र ग्रहण का अंत होगा। वहीं, मेष राशि में 12 साल बाद सूर्य, बुध, राहु और गुरू का चतुर्ग्रही योग बन रहा है। यह चंद्र ग्रहण पांच मई की रात 8 बज कर 44 मिनट से शुरू होकर देर रात 1 बजकर 02 मिनट कर रहेगा. जबकि, चंद्र ग्रहण का परमग्रास रात 10 बज कर 53 मिनट पर होगा। कटनी में भी लोग चंद्रग्रहणको लेकर काफी उत्सुक हैं हालांकि यह दिखेगा नहीं ज्योतिषाचार्य के मुताबिक राशियों पर इस चंद्र ग्रहण का प्रभाव अलग-अलग तरह से पड़ेगा. जिन राशियों पर चंद्र ग्रहण का शुभ प्रभाव बताया जा रहा है उनमें सिंह राशि, मिथुन राशि, धनु राशि और मकर राशि शामिल हैं. इन राशियों के जातकों को आर्थिक, पारिवारिक, शैक्षिक क्षेत्र और नौकरी में फायदा हो सकता है. वहीं, अन्य राशियों पर इसका कुप्रभाव पड़ेगा।

## कटनी के पर्यटन क्षेत्र में चार चांद लगा देगा श्री रामवनगमन पथ



**कटनी, यशभारत।** इस साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में बीजेपी सरकार को एक बार फिर भगवान राम की याद आई है। बीजेपी सरकारमें श्री राम गमन पथ न्यास बनाएगी। कल 4 मई को होने वाली कैबिनेट की बैठक में न्यास के गठन को मजूरी मिल गई। दरअसल, भगवान श्री राम ने वनवास के दौरान मध्य प्रदेश के जिन स्थानों से पथ गमन किया था, उनका विकास सरकार करेगी। सरकार ने इसके लिए श्रीराम गमन पथ न्यास बनाने का फैसला लिया है। न्यास को श्री राम गमन पथ के निर्माण और विकास की जिम्मेदारी दी जाएगी। आने वाले कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बता दें कि राम गमन पथ में चित्रकूट, पन्ना, बड़वारा (कटनी), रामघाट (जबलपुर), राम मंदिर तालाब, रामनगर मंडला, शहडोल, डिंडौरी और अमरकंटक शामिल रहेंगे।

उ भगवान राम हिंदू समाज के आराध्य देव है, उन्हें भगवान विष्णु का सातवां अवतार माना जाता है। अपने इस जीवन काल में उनके द्वारा अनेक राक्षसों का वध किया गया, जिनमें से सबसे प्रमुख रावण था। लेकिन रावण तक पहुंचने से पहले उन्हें वनवास भोगना पडा। इसी वनवास के अंतिम काल में उनके द्वारा रावण का वध किया गया था। ऐसे में आयोध्या से श्रीलंका तक भगवान श्रीराम जिस रास्ते से होते हुए लंका पहुंचे थे, यह रास्ता ही श्रीराम वन गमन पथ कहलाता है। ऐसे में श्रीराम मध्यप्रदेश के भी अनेक स्थानों से होते हुए दक्षिण भारत को गए थे, इनमें से मध्यप्रदेश का वह भाग जिस मार्ग से होते हुए श्रीराम गुजरे वहीं पथ मध्यप्रदेश का श्रीराम वन गमन पथ कहलाता है। यहां आपको बताते चलें कि मान्यता के अनुसार वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने सबसे ज्यादा दिन चित्रकूट में बिताए। ऐसे में पग-पग पर राम की निशानियां चित्रकूट में बसी हैं। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सीमा पर बसे चित्रकूट नगरी के विकास के लिए लंबे समय से कोशिशें चल रही हैं। इसका कारण यह है कि यह मप्र में श्रीराम वन गमन पथ का मुख्य हिस्सा है। ऐसे में शिवराज सरकार ने एक कदम आगे बढाते हुए गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में श्रीरामचन्द्र गमन पथ न्यास को मंजूरी दे दी है। भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास मिला, वहीं राम के वनवास में सबसे ज्यादा सौभाग्यशाली मध्यप्रदेश रहा है। यहां पर श्रीराम ने सीता और लक्ष्मण सहित वनवास का सबसे अधिक 11 साल 11 महीने और 11 दिन का समय गुजारा। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश में राम वन गमन पथ चित्रकूट से अमरकंटक तक 370 किलोमीटर है। कहा जाता है कि चित्रकूट में पग-पग पर राम की निशानियां बसी हैं। कटनी जिले में बड़वारा से होकर यह मार्ग गुजरता है। जिले में रामवनगमन पथ को लेकर विजयराघवगढ़ का भी कुछ क्षेत्र आता है। कटनी जिले से होकर गुजरने वाले पथ में विकास से यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वैसे भी यहां गत दिनों भगवान परशुराम जी की सबसे बड़ी प्रतिमा की स्थापना का कार्य शुरू किया गया है। इस पूरे क्षेत्र को बेहतरीन धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने विधायक संजय पाठक ने संकल्प लिया है ऐसे में रामवनगमन पथ इस योजना में चार चांद लगा देगा।



## श्रम करने वालों का सम्मान

**कटनी, यशभारत।** जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी सहेली द्वारा गत 1 मई को श्रमिक दिवस के शुभ अवसर पर अपनी आजीविका चलाने वाले श्रमिकों को धूप एवम लू से बचने के लिए गमछा, गुड़ चना एवम पानी की बोटल देकर उनका सम्मान किया। वाटर पार्क में जाकर वहां के श्रमिकों को जिनके कारण आम व्यक्ति वाटर पार्क का मजा लेता है उनको और गुरुनानक वार्ड जाकर जिसमें अध्यक्ष दीपाली गुप्ता, दीपिका शर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, शोभा गुप्ता, रश्मि गट्टानी, वानी गट्टानी ,सुषमा गोस्वामी, गीता जोशी शशि शुक्ला मनीषा गौतम आरती सोनी रिली गुप्ता किटी गुप्ता मंजुला गुप्ता शिवानी सोंधियां आकांक्षा गौतम नंदिता करण शशि दुबे उपस्थिति रही और सभी सहेलियों का सहयोग रहा।

## मकान के अंदर से नगदी व जेवर पार

**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम नंहवाराकला में एक मकान में धावा बोलकर अज्ञात बदमाश अंदर आलमारी में रखे 50 हजार रूपए नगद सहित सोने व चांदी के जेवरात लेकर चंपत हो गए। पुलिस के मुताबिक चोरी की यह वारदात ग्राम नंहवाराकला निवासी विजय कुमार शुक्ला के मकान में घटित हुई। चोरी कुल 66 हजार रूपए की बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

यश भारत
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1000/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9425362893, 8839684296
e-mail : katni@yasshbharat.com

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, शुक्रवार, 05 मई 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत
नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

## यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी नहीं, विकास और सौन्दर्यीकरण की योजनाओं का अता-पता नहीं




# स्थापना के दो दशक बाद भी नहीं बदली मुड़वारा स्टेशन की सूरत



## घटिया क्वालिटी के पेवर ब्लाक लगाने से उखड़ा प्लेटफार्म का फर्श

**कटनी, यशभारत।** स्थापना के दो दशक बाद भी मुड़वारा रेलवे स्टेशन की सूरत में बदलाव नहीं हुआ है। न तो यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई है और न ही विकास और सौन्दर्यीकरण के नाम पर कुछ हुआ है। जिसके चलते यहां से अपनी यात्रा का शुभारंभ करने वाले यात्रियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि स्टेशन में जगह-जगह फर्श उखड़ गए हैं। जिससे कईयों बार आपाधापी में घटनाएं हो रही हैं। कूड़ादान गायब है, जिससे कचरा डस्टबिन की बजाए प्लेटफार्म पर फैल रहा है। बताया जाता है कि कटनी मुड़वारा स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2, 3, 4 व 5 में फर्श के नाम पर घटिया क्वालिटी के पेवर ब्लॉक लगाए गए थे, जो कुछ समय बाद ही कई जगहों से उखड़ गए हैं और टूट गए हैं, जिसके कारण प्लेटफार्म पर कई जगहों पर अव्यवस्थित फर्श व गड्ढे हो गए हैं। इस स्थिति के चलते कईयों बार यात्री इन गड्ढों में गिरकर हाथ पैर तक तुड़वा चुके हैं। प्लेटफार्म का फर्श खराब होने के कारण यहां कभी भी कोई बड़ी घटना या हादसा हो सकता है।

### अचानक बदल जाता है प्लेटफार्म

बताया जाता है कि कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन में 5 प्लेटफार्म है और यहां से पांचों दिशाओं सतना, जबलपुर, बिलासपुर, बीना और सिंगरौली की तरफ ट्रेनों का संचालन होता है। पांचों दिशाओं से हर दिन दो दर्जन से अधिक ट्रेनें मुड़वारा स्टेशन से होकर गुजरती है। वैसे तो ट्रेनों का प्लेटफार्म भी तय रहता है लेकिन कईयों बार रेल प्रशासन द्वारा ट्रेनों प्लेटफार्म बदल दिया जाता है, जिससे यात्रियों में अफरा तफरी मच जाती है और जल्दबाजी में कईयों बार दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं।

### कटनी डेव्लपमेंट एसोसिएशन ने कराया ध्यानाकर्षण

कटनी डेवलोपमेन्ट एसोसिएशन द्वारा मुड़वारा रेलवे स्टेशन में अव्यवस्थाओं के चलते यात्रियों को हो रही परेशानियों की तरफ रेल प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया गया है। केडीए ने एक ज्ञापन सौंपते हुए मुड़वारा रेलवे स्टेशन में अव्यवस्थाओं को दूर करते हुए यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की मांग की है। कटनी डेवलोपमेन्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि रेल प्रशासन से इन गड्ढों को सीमेंट से भरवाकर मरम्मत कराने की मांग की गई है। इसके लिए ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन देने के बावजूद लापरवाही बरतने के कारण भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं के लिए रेल प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि रेल्वे इस कार्य को नहीं करा पा रहा है तो कटनी की जनता चंदा करके मुड़वारा जंक्शन में सुधार व मरम्मत का कार्य करवाएगी। इस अवसर पर नफासत खान नफी, संजू द्विवेदी, संदीप द्विवेदी, राकेश पखरानी, मोहित सोंधिया, रोहित पाण्डेय, साहिल खान, कुशल प्रकाश मिश्रा, रेजी टोप्पो, शंकर साधवानी, कृष्णा सागर, जग्गी आहूजा, अध्यक्ष सुयश पुरवार सहित अन्य युवाओं की उपस्थिति रही।




# जब तक विकास कार्य पूरे नहीं हों तब तक नहीं हो सचिव का तबादला

## ग्राम पंचायत बंदरी सचिव के तबादले के खिलाफ धरने पर बैठे ग्रामीण



### पुत्र को निर्माण एजेंसी बनाने और राशि के गबन का लगाया आरोप

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बंदरी सचिव बृजकिशोर मिश्रा का स्थानांतरण कर गुणाकला ग्राम पंचायत में पदस्थ होने का आदेश जारी किया गया है, जिसके बाद से जिला प्रशासन को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इस आदेश के विरोध में दो दिन पूर्व जिला पंचायत सीईओ को लिखित मांग पत्र देकर इस स्थानांतरण आदेश को खारिज कराने की मांग ग्रामीणों ने की थी। ग्रामीणों ने कहा कि सचिव ब्रजकिशोर मिश्रा के स्थानांतरण आदेश पर तत्काल रोक लगाई जाए, इसके साथ ही ब्रजकिशोर मिश्रा द्वारा ग्राम पंचायत गुड़ा कला में जितने भी निर्माण कार्य कराए गए हैं, उनकी निष्पक्ष जांच की जाए। इन्हीं मुख्य मांगो को लेकर गुरुवार को छात्र नेता मोहम्मद इसराइल के साथ ग्राम पंचायत गुड़ाकला के सैकड़ों ग्रामीण बड़वारा जनपद कार्यालय पहुंचे, जहां जिम्मेदार अधिकारी नहीं होने की वजह से कार्यालय के मुख्य द्वार पर ही ग्रामीण धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। छात्र नेता मोहम्मद इसराइल ने बताया कि पूरे बड़वारा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में अंधेर नगरी चौपट राजा जैसी स्थिति बनी हुई है। अधिकारियों द्वारा आंख मूंदकर नियम विरुद्ध आदेश जारी किये जा रहे हैं। सचिव ब्रजकिशोर मिश्रा को ऐसी जगह पदस्थ करने के आदेश दिए गए हैं, जहां के वो मूल निवासी हैं, जो नियम के दायरे से बाहर है जबकि स्थानीय ग्रामीण सचिव मिश्रा की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर पंचायत में दोबारा पदस्थ ना करने की मांग कर रहे हैं, इसके बावजूद भी जबरजस्ती आदेश जारी कर सचिव को गृह ग्राम में पोस्टेड किया जा रहा है, जिसका विरोध किया जा रहा है। अगर जल्द ही स्थानांतरण आदेश को खारिज नहीं किया जाता है तो ग्रामीणों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 43 को जाम किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने लिखित शिकायत पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत गुड़ाकला के सचिव बृजकिशोर मिश्रा अपने कार्यकाल में कई विकास कार्य अधूरे छोड़ गए हैं, साथ ही अपने पुत्र को निर्माण एजेंसी के रूप में पंचायत के कई कार्य दिए गए हैं, जो आज तक पूर्ण नहीं हो सके हैं, लेकिन राशि का गबन कर दिया गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के ऊपर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। सचिव बृजकिशोर मिश्रा को लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ द्वारा निलंबित किया जा चुका है।

### नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



नायब तहसीलदार सुनीता मिश्रा ने ग्रामीणों का ज्ञापन लेकर करीब 1 घंटे से चल रहे धरना प्रदर्शन समाप्त कराया और मांगों पर जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान राहुल चौधरी, अजय चौधरी, मनीष विश्वकर्मा, सुनील साहू, अशोक, अनिल, सुनील, गोकुल, गणेश, राममिलन, ननकू, धीरज, कैलाश, मनोज, श्यामलाल, अकाली, संदीप, विकास, संजय, मोहन, संतलाल, मुकेश, समय लाल, सूखी, दीपक चौधरी, शिवा चौधरी, मनोज लाल, दुर्गेश, महेश, शिवकुमार, सूरज, विजय, राजू, जयपाल, चंदन सिंह, उदय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मांगलिक भवन में पहले एनकजे थाना, अब स्कूल का संचालन

### क्षेत्र के लोगों ने जताया विरोध, नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रागिनी मनोज गुप्ता ने कलेक्टर को पत्र लिखकर श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड क्रमांक 18 के अंतर्गत प्रेमनगर स्थित अंबेडकर मांगलिक भवन में प्राथमिक स्कूल स्थानांतरित करने पर रोक लगाने की मांग की है। रागिनी गुप्ता ने बताया कि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सहित समस्त सदस्य एवं अभिभावक और स्थानीय बस्तीवासी द्वारा की जा रही मांग के आधार पर कलेक्टर को अवगत कराया हैं कि दलित, आदिवासी निवासरत परिवार के बच्चों के लिए सरकार द्वारा सन 2018 में शासकीय प्राथमिक शाला प्रेमनगर का उन्नयन किया गया है, ताकि बच्चे बस्ती के नजदीक ही अध्ययन कार्य कर सके। उस समय विद्यालय के भवन में एनकेजे थाना संचालित हो रहा था, इसलिए शासकीय प्राथमिक शाला को अस्थाई रूप से अंबेडकर मांगलिक भवन मेंप्रारंभ किया गया था जबकि अंबेडकर मांगलिक भवन का निर्माण आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा लोगों के सार्वजनिक आयोजनों हेतु बनाया गया था, लेकिन मांगलिक भवन के हॉल में कक्षा 1 से 5 तक की होती थी। एक हॉल में कक्षा 1 से 5 तक का अध्यापन किस प्रकार किया जाता होगा। उन्होंने बताया कि में एनकेजे थाने का नवीन भवन निर्मित हो जाने के बाद थाना अपने भवन में स्थानांतरित हो गया था। उसके बाद विद्यालय का भवन विद्यालय को प्राप्त हो गया तब से विद्यालय अपने भवन में विधिवत संचालित हो रहा है। इसमें सिर्फबच्चों के लिए स्थाई पेयजल और शौचालय की सुविधा नहीं है। जर्जर पड़े अंबेडकर मांगलिक भवन का सौंदर्यीकरण का जिम्मा स्थानीय लोगों द्वारा उठाया गया और पुनः बस्ती वासियों के गरीब बच्चों के विवाह आदि कार्यक्रम उक्त भवन में आयोजित किए जाने लगे। पता चला है कि पुनः शासकीय प्राथमिक शाला प्रेमनगर को मांगलिक भवन में और शासकीय प्राथमिक शाला प्रेमनगर के भवन में शासकीय माध्यमिक एनकेजे शाला को स्थानांतरित करने प्रक्रिया चल रही है, जिसका विरोध किया जा रहा है। इस प्रकार गरीब परिवार के बच्चों का तो शिक्षक का प्राथमिक स्तर ही समाप्त हो जायेगा। मांगलिक भवन के एक हॉल में 200 बच्चों का अध्यापन कार्य क्या होगा, सिर्फ घेराबंदी तक ही संभव है। उन्होंने मांग की है कि विद्यालय स्थानांतरण की प्रक्रिया को स्थगित करते हुए दोनों विद्यालय को यथा स्थान पर रहने दिया जाये, ताकि विद्यालय संचालित होते रहें, साथ ही प्रेमनगर प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को स्थायी पेयजल और शौचालय की सुविधा मुहैया कराई जाए। उन्होंने बताया कि दलित हरिजन आदिवासी मजदूर वर्ग जो सिर्फ शासकीय योजनाओं पर निर्भर रहते है, उन गरीब परिवार के बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों को स्थानांतरित न करते हुए अंबेडकर मांगलिक भवन को सार्वजनिक आयोजनों हेतु यथावत रखा जाए।

**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

**आवश्यकता है**

शोरूम में कार्य करने के लिए सेल्सगर्ल (लड़कियों) की आवश्यकता है। अनुभवी एवं पढ़ी लिखी लड़कियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

संपर्क- शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
समय-सुबह 11 से 7 बजे तक
मो. 9009767272



# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में झूम उठे श्रद्धालु

### डन कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** डन कॉलोनी में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयघोषों से पूरा पंडाल गूंज उठा। इसके पहले श्री श्री 1008 बद्री प्रपन्नाचार्य युवराज स्वामी ने चतुर्थ दिवस की भागवत कथा में अपने मुखारबिन्द से कहा कि कथा नौ प्रकार से सुनी व गाई जा सकती है। भगवान श्री कृष्ण ने नरसिंह अवतार के बाद हिरण्याकश्यप का वध कर अपने नाखून से उद्धार किया। आरती एवं प्रसाद वितरण कर सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया। पंचम दिवस की भागवत कथा में युवराज स्वामी ने कहा कि श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया और माखन चोरी व गोवर्धन पूजा, गिरराज जी को छप्पन भोग अर्पण कर कथा को आगे बढ़ाया। अमित शुक्ला व शुक्ला परिवार की ओर से श्री कृष्ण बाल की झांकी निकाली गई, तत्पश्चात मधुर संगीत के साथ आरती एवं प्रसाद वितरण कर सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**परियोजना खण्ड कटनी**

E_mail :- mp.eephedkat@gmail.com Phone no. 07622-225752

कमांक 1751 /का0यं0/निप्रको./लो0स्वा0यां0परि0खण्ड/2023 कटनी, दिनांक 28.04.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**कमांक 32-37/23-24**

ई-टेण्डरिंग पद्वति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर जिले के विभिन्न विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग व नवीन नलजल योजना के कार्य, आर.सी.सी.ओवर हैड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंप हाउस/सम्पवेल निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन, अन्य कार्य एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन-संधारण के कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित है।

| निविदा कमांक | सिस्टम निविदा कं. | विकासखंड | ग्राम की संख्या | निविदा लागत लाख में | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32/23-24 | 2023_PHED_272148_1 | VIJAYRAGHAVGARH | 12 | 486.66 | 486660 | 15000 | 9 माह |
| 33/23-24 | 2023_PHED_272149_1 | VIJAYRAGHAVGARH | 15 | 400.85 | 400850 | 15000 | 9 माह |
| 34/23-24 | 2023_PHED_272186_1 | BAHORIBAND | 06 | 459.85 | 459850 | 15000 | 8 माह |
| 35/23-24 | 2023_PHED_272188_1 | BAHORIBAND | 06 | 373.33 | 373330 | 15000 | 8 माह |
| 36/23-24 | 2023_PHED_272191_1 | BAHORIBAND | 05 | 450.25 | 450250 | 15000 | 8 माह |
| 37/23-24 | 2023_PHED_272231_1 | BAHORIBAND | 06 | 359.24 | 359240 | 15000 | 8 माह |

ऑन लाईन निविदा कय एवं बिड की अंतिम तिथी - 15.05.2023 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी - 17.05.2023 12.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेबसाईट पर (Online System) केडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर कय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेबसाईट पर देखे।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियोजना खण्ड कटनी
फोन नं.-07622-225752

G-12414/23

**सिटी मॉल बरही रोड में**
ऑल इंडिया रिलीज




05 मई से
रोजाना 4 शो
12.30 PM (AUDI-2)
03.30 PM (AUDI-2)
06.30 PM (AUDI-2)
09.30 PM (AUDI-2)

PRICE LABLE
RECLINER....300
GOLD.............200
Silver.............150

**द केरला स्टोरी**

कलाकार- अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सोनिया बालानी आदि।

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**
ऑल इंडिया रिलीज




05 मई से
रोजाना 4 शो
01.00 PM-2D (AUDI-1)
0 4.00 PM-3D (AUDI-1)
07.00 PM-3D (AUDI-1)
10.00 PM-2D (AUDI-1)

**GAURDIANS OF THE GALAXY VOL-3 (HINDI)**

PRICE LABLE
GOLD.............200
PLATINUM ...250
Silver.............150

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

mgm HOSPITAL
कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलिटी स्वास्थ्य सेवाएं
नागपुर, दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
**एम.जी.एम.हॉस्पिटल कटनी**




24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

# कैबिनेट में मिली श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास को मंजूरी

## राम वनगमन पथ का होगा विकास

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास को मंजूरी दे दी। अब प्रदेश में श्री राम वनवास के समय जिन रास्तों से निकले उसके विकास में तेजी आएगी। इसके साथ ही गुरुवार को कैबिनेट ने और कई अहम प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कैबिनेट में तय किया गया कि श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। न्यास में 33 सदस्य होंगे। इसमें 28 पदेन न्यासी सदस्य होंगे। अशासकीय न्यासियों का अधिकतम कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। न्यास का काम वनवास के समय श्री राम के प्रदेश से गुजरी जगहों का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक विकास करना है। केंद्र सरकार ने प्रदेश में 23 ऐसे स्थल को चिन्हित किया है। न्यास में और 5 अशासकीय न्यासी सदस्य नामांकित किए जाएंगे, जो भगवान श्री राम के शोध और अध्ययन कार्य से जुड़ेंगे।



### 32 नए पद के सृजन की स्वीकृति

न्यास के संचालन के लिए समय-समय पर विशेषज्ञ समितियों का गठन भी किया जाएगा। न्यास की संस्थागत व्यवस्था के लिए संस्कृति विभाग सक्षम होगा। न्यास के सुचारू संचालन के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई गठित की जाएगी। इकाई में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सात पद होंगे। न्यास की गतिविधियों के संचालन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी समेत 32 नए पद के सृजन की स्वीकृति दी गई है। जिस पर एक करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक वार्षिक भार आएगा।

### न्यास के यह होंगे काम

न्यास का काम केंद्र सरकार की तरफ से प्रदेश में चिह्नित श्री रामवन गमन पथ के 23 स्थलों का विकास करना रहेगा। उनके जोड़ने वाले रास्ते को सुगम और सुविधाजनक बनाना। वहां पर पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यात्री सुविधाओं का विकास करना और उनका संचालन करना।

### प्रदेश में यह स्थल चिह्नित

प्रदेश में सतना, पन्ना, कटनी, जबलपुर, नर्मदापुरम, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर जिले के स्थलों को चिह्नित किया गया है। इसमें स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, अत्रि आश्रम, शरभंग आश्रम, अश्वमुनि आश्रम, सुतीक्ष्ण आश्रम, सिद्धा पहाड़, सीता रसोई, रामसेल, राम जानकी मंदिर, बृहस्पति कुंड, अग्निजिह्वा आश्रम, अगस्त्य आश्रम, शिव मंदिर, रामघाट, श्रीराम मंदिर, मार्कंडेय आश्रम, दशरथ घाट, सीता मढ़ी शामिल है।

### साहित्यकारों/कलाकारों को पांच हजार रुपए मिलेगी सहायता राशि

कैबिनेट ने अभावग्रस्त साहित्यकारों और कलाकारों को पांच हजार रुपये प्रतिमाह सहायता राशि देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। अभी उनको 15 सौ रुपये की सहायता राशि दी जाती थी। वहीं, साहित्यकारों और कलाकारों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों को 3500 रुपये प्रतिमाह राशि दी जाएगी।

### सागर मेडिकल कॉलेज में 150 एमबीबीएस सीटें बढ़ी

कैबिनेट ने सागर मेडिकल कॉलेज के लिए 150 एमबीबीएस सीट बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अभी कॉलेज में 100 सीट की स्वीकृति है। नए सीटों की स्वीकृति के बाद मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की क्षमता बढ़ाकर 250 एमबीबीएस सीट की हो गई है। इसके लिए 200.31 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।




# 72 घंटे में आसमान हो जाएगा साफ उसके बाद गर्मी पकड़ सकती है रफ्तार

■ भोपाल, यशभारत।

देश के अलग-अलग हिस्सों में बने सिस्टम अब कमजोर पड़ने लगे हैं। इससे अगले 72 घंटे में आसमान साफ होने लगेगा। आसमान साफ होने के बाद गर्मी रफ्तार पकड़ सकती है। आठ मई के बाद शहर में धीरे-धीरे गर्मी दस्तक देगी। पांच मई को आ रहे पश्चिमी विक्षोभ से छह और सात मई को मौसम बिगड़ने के आसार हैं। गुरुवार को शहर में हल्के बादल छाए रहे और दिन में धूप भी निकली, लेकिन हवा में नमी होने से गर्मी नहीं बढ़ी। अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ, जो सामान्य से 7.4 डिसे कम रिकार्ड है। इससे दिन में ठंडक रही और मौसम सुहाना रहा। इस सप्ताह शहरवासियों ने गर्मी का सामना नहीं किया। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में पांच मई को नया पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इस पश्चिमी विक्षोभ का असर दो दिन रहेगा। इन दो दिनों में हल्के, मध्यम बादल छाएं। सात मई तक बूंदाबांदी के आसार हैं, लेकिन तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है। हरियाणा व तमिलनाडु में चक्रवातीय घेरे बने हैं। हरियाणा के चक्रवातीय घेरे से ग्वालियर चंबल संभाग का मौसम प्रभावित हो रहा है। यह 72 घंटे में कमजोर पड़ जाएगा। द्यएक पश्चिमी विक्षोभ ईरान के पास है और दूसरा कश्मीर में सक्रिय है। द्यइस कारण अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। इन सभी कारणों से मौसम बदला हुआ है। आठ मई तक ये सिस्टम कमजोर पड़ जाएंगे और हवा का रुक बदल सकता है।

### हल्की वर्षा हो सकती है

अगले 72 घंटे में धीरे-धीरे आसमान साफ होना शुरू हो जाएगा। इस बीच कहीं-कहीं हल्की वर्षा भी हो सकती है, लेकिन धूप निकलने से तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी।

**डा. वेदप्रकाश सिंह, रडार प्रभारी, मौसम केंद्र भोपाल**




# खाली प्लाट में इंसानी हड्डियां मिलने से हड़कंप

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के ईदगाह हिल्स में स्थित डाक्टर कालोनी में बुधवार सुबह खाली प्लाट में पड़ी पालीथीन में इंसानी हड्डियां मिलने से सनसनी फैल गई। इंसानी हड्डियां बरामद होने से रहवासी भी दहशत में आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने हड्डियों को जब्त कर लिया है। मौके पर फारेंसिक विभाग की टीम भी जांच के लिए पहुंची। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ये हड्डियों के नमूने हैं, जो चिकित्सा के विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं।गौरतलब है कि डाक्टर कालोनी में ज्यादातर जीएमसी, हमीदिया के चिकित्सकों के आवास हैं। कालोनी के गेट के पास कोई अज्ञात शख्स इन हड्डियों को पालीथीन मे बंद कर फेंक गया, जिसे कुत्तों ने नोंचकर फाड़ दिया। बुधवार सुबह सफाई दरोगा ने जब इन हड्डियों को देखा तो उसने तुरंत आसपास रहने वाले लोगों को बताया। इसके बाद रहवासियों ने पुलिस को सूचना दी।शाहजहांनाबाद के एसीपी उमेश तिवारी ने बताया कि बरामद की गई हड्डियों पर उनके नाम और नंबर दर्ज हैं। इससे साफ है कि ये हड्डियां मेडिकल स्टूडेंट्स की पढ़ाई में इस्तेमाल की जाती रही होंगी। बहरहाल, कालोनी में इन हड्डियों को किसने फेंका, पुलिस इसकी जांच कर रही है। बरामद हड्डियों की भी जांच कराई जा रही है।

**पुलिस जांच में जुटी**

# कांग्रेस की मति मारी गई है, चेहरा पूरी तरह बेनकाब

## बजरंग दल बैन की बात पर सीएम शिवराज का तीखा प्रहार

■ भोपाल, यशभारत।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने घोषणापत्र जारी करते हुए सरकार बनने पर बजरंग दल को बैन करने का दावा किया है, जिसको लेकर अब सियासत तेज हो गई है. यह मुद्दा अब कर्नाटक से निकल मध्य प्रदेश तक आ पहुंचा है. एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रस पर करारा हमला किया है. उन्होंने बजरंग दल को राष्ट्रवादी संगठन बताते हुए कहा है कि कांग्रेस की मति मारी गई है. सीएम शिवराज का कहना है कि कांग्रेस का चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया है. सीएम शिवराज ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की मति मारी गई है, जो बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात करते हैं. वह बजरंग दल जो प्रखर राष्ट्रवादी संगठन है. वह बजरंग दल, जो आतंकवाद का विरोध करता है, लव जिहाद का विरोध करता है. बजरंद दल सामाजिक सेवा सहित देशभक्ति के भाव, अपने धर्म और संस्कृति के प्रति स्वाभीमान और जागरण का भाव पैदा करता है, उसकी तुलना पीएफआई से करना गलत है. ये वही कांग्रेस है जो अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध करती थी. यह वही कांग्रेस है जिसने राम सेतु को काल्पनिक कहा था. ये लोग मौका मिलते ही हिन्दुत्व का विरोध करते हैं. आज उसका चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो गया है। शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि यह वही कांग्रेस है जो सर्जिकल स्ट्राइक का विरोध करती है. आतंकवादियों को महिमामंडित करने वाले अब बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कर रहे हैं. कमलनाथ हनुमान जी के भक्त बनते हैं और बजरंग दल पर बैन लगाने की बात कर रहे हैं. कमलनाथ को इसपर जवाब देना चाहिए।



# सीएम हाउस पहुंचा वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण सत्तन का आडियो, मुख्यमंत्री ने बुलाया भोपाल

■ भोपाल, यशभारत।

वरिष्ठ भाजपा नेताओं के पार्टी छोड़ कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों को लेकर भाजपा नेता सत्यनारायण सत्तन का आडियो सीएम हाउस पहुंच गया है। सत्तन ने आडियो में वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा पर नाराजगी जाहिर की थी। इधर, वरिष्ठ भाजपा नेता भंवरसिंह शेखावत ने भी इसी मुद्दे को लेकर असंतोष जताया था। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने दोनों नेताओं को चर्चा के लिए भोपाल बुला लिया है। सत्तन ने फिलहाल भोपाल जाने से इन्कार कर दिया। उनका कहना है कि उन्होंने मुख्यमंत्री को बता दिया है कि वे पारिवारिक कार्यक्रम में व्यस्त हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समय मिले आप आ जाएं, चर्चा करना है। पूर्व मंत्री दीपक जोशी के भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाने के मामले में सत्तन ने कहा था कि भाजपा पुराने नेताओं के अनुभव की अनदेखी कर रही है। जो हमें 70 वर्ष से गालियां दे रहे हैं, हम उन्हें पास बैठा रहे हैं, पद दे रहे हैं। अभी तो सिर्फ दो नेता भाजपा छोड़ रहे हैं, लेकिन आगे जाकर इसमें और शून्य बढ़ेंगे। जैसे कांग्रेस खाली हुई है वैसे ही भाजपा भी खाली हो जाएगी। उम्र के दायरे में बांधकर अनुभव की अवहेलना की जा रही है।



# नरोत्तम मिश्रा ने दिग्विजय सिंह को बताया हेट स्पीच का इनसाइक्लोपीडिया कमल नाथ, खरगे पर भी कसा तंज

■ भोपाल, यशभारत।

कर्नाटक में कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन पीएफआइ के साथ बजरंग दल पर भी प्रतिबंध लगाने की बात पर मध्य प्रदेश में भी सियासी रार थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस मुद्दे पर कमल नाथ को पत्र लिखकर जवाब मांगा था। इस पर कमल नाथ ने दमोह के जबेरा में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया में कहा था कि समाज में नफरत या विवाद फैलाने वाले व्यक्तियों या संगठन पर लगाम कसने की बात तो सुप्रीम कोर्ट भी कह चुकी है। उनके इस बयान पर नरोत्तम ने गुरुवार को पलटवार किया। नरोत्तम ने कमल नाथ के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि हम खेत की बात करते हैं और उन्होंने खलिहान की बात शुरू कर दी। हमने बजरंग दल को लेकर सवाल पूछा था और फिर सुप्रीम कोर्ट ने बजरंग दल के बारे में ऐसा कब कहा।



# सीएम की घोषणा के बाद भी पट्टे देने नहीं लगा शिविर, विस्थापितों में पसरी मायूसी

■ भोपाल, यशभारत।

हमीदिया रोड स्थित इसरानी-बैनर्जी मार्केट के विस्थापित सिंधी परिवारों को पिछले दिनों आखिरकार उनकी संपत्ति के पट्टे मिल गए, लेकिन बैरागढ़ के विस्थापित परिवारों को अभी तक पट्टे नहीं मिल सके है। देश के विभाजन के दौरान तत्कालीन पश्चिम पाकिस्तान से आकर संत हिरदाराम नगर में बसे कई परिवारों को अभी तक उनकी संपत्ति के पट्टे नहीं मिलते हैं। कुछ लोगों को पट्टे मिले भी तो उनकी समय अवधि समाप्त हो गई है। अब इनका नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। नागरिकों की यह आम शिकायत रही है किउनके प्रकरणों को प्रशासनिक स्तर पर खारिज कर दिया जाता है। कई मामलों में पुराने दस्तावेज मांगे जाते हैं, जो लोगों के पास नहीं है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बलिदानी हेमू कालानी जन्म शताब्दी समारोह में आरएसएस के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत की मौजूदगी में कहा था कि विस्थापितों को पट्टे देने के लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा। उनकी घोषणा के डेढ़ माह बाद भी प्रशासन ने शिविर नहीं लगाया है।

कब्जे के आधार पर मिलें पट्टे

पूज्य सिंधी पंचायत ने मौजूदा कब्जे के आधार पर पट्टे देने का सुझाव दिया है। पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी एवं नंद कुमार दादलानी का कहना है कि बैरागढ़, गांधीनगर एवं करोंद आदि क्षेत्र के पट्टों से संबधित प्रकरण अब भी लंबित हैं, हमने कई बार इसके लिए जिला प्रशासन से आग्रह किया है लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। यह चिंता की बात है। उल्लेखनीय है कि बैरागढ़ में बसाहट के समय प्रशासन ने नागरिकों को पट्टे दिए थे। उनकी अवधि अब समाप्त हो चुकी है। कुछ लोगों ने बढ़े हुए हिस्से के लिए नया पट्टा देने के आवेदन भी किए हैं। नवीनीकरण नहीं होने के कारण नए धारणाधिकार कानून का लाभ भी लोगों को नहीं मिल रहा है। इस कानून के तहत कुछ प्रीमियम लेकर बढ़े हुए हिस्से को फ्रीहोल्ड करने का प्रावधान है।

# चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में अतिरिक्त संचालक और उप संचालक समेत 243 नए पद बनेंगे

## प्रदेश में अब 12 नए कालेज खुलेंगे

■ भोपाल, यशभारत।

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय (डीएमई) में अतिरिक्त संचालक, संयुक्त संचालक समेत 243 अधिकारी-कर्मचारियों की पदस्थापना की जाएगी। इसके लिए पद सृजित करने की प्रक्रिया चल रही है। इसका बड़ा लाभ यह होगा कि डाक्टरों की भर्ती, काउंसलिंग समेत विभिन्न कार्यों में तेजी आएगी। दरअसल, प्रदेश में मेडिकल कालेजों की संख्या बढ़ रही है। आने वाले वर्षों में 12 नए कालेज खुलेंगे। इनकी स्वीकृति मिल चुकी है। जरूरत के अनुसार डीएमई में स्टाफ नहीं बढ़ा है, जिससे दिक्कत आ रही है। उप संचालक स्तर पर कुछ प्रशासनिक अधिकारियों की पदस्थापना भी की जाएगी। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग ने इस तरह के प्रबंधकीय पदों के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन संवर्ग बनाया है। इसलिए पड़ी आवश्यकतावर्ष 2015 के पहले तक प्रदेश में सिर्फ छह मेडिकल कालेज थे। इसके बाद सात और कालेज खोले गए। इस तरह अभी 13 कालेज संचालित हो रहे हैं। आगामी पांच वर्षों में 12 मेडिकल कालेज और खुलने जा रहे हैं। इसके अलावा सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) से पांच जिलों में पांच मेडिकल कालेज खोलने की योजना है। इन सभी की व्यवस्थाओं और निगरानी के लिए छोटे-बड़े अधिकारी-कर्मचारियों की आवश्यकता है। इसमें विधि, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त जैसे तकनीकी विषयों के लिए अलग से उप संचालक और सहायक संचालक भी होंगे। इस तरह होगी चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की संगठनात्मक व्यवस्थाआयुक्त - एक (आइएएस)संचालक- एक (चिकित्सा शिक्षा से)

अतिरिक्त संचालक- चार पद (एक राज्य वित्त सेवा, दो राज्य प्रशासनिक सेवा और एक चिकित्सा शिक्षा से) संचालक प्रोजेक्ट- एक पद (सिविल इंजीनियर)संयुक्त संचालक- तीन (चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर) उप संचालक- चार (चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर)।



# बस रुकवाकर पत्नी के प्रेमी का अपहरण, बंधक बनाकर की मारपीट

भोपाल ,यशभारत। राजधानी के नजीराबाद थाना इलाके में चार लोगों ने बस रुकवाकर उसमें सवार एक युवक को अगवा कर लिया। इसके बाद शमशाबाद में बंधक बनाकर उसके साथ जमकर मारपीट की। घटना का पता चलने पर स्वजन ने किसी तरह युवक को छुड़ाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। नजीराबाद थाना पुलिस के मुताबिक 29 वर्षीय रामस्वरूप सपेरा भोपाल में मजदूरी करता है। गांव में उसके पड़ोस में रहने वाले कैलाश सपेरा की पत्नी रामस्वरूप से बात करती थी। 21 अप्रैल को कैलाश की पत्नी अपनी मर्जी से रामस्वरूप के साथ रहने आ गई थी। इस बात से कैलाश, रामस्वरूप से नाराज था। झगड़ा न बढ़े, इसलिए 24 अप्रैल को रामस्वरूप ने कैलाश से फोन पर बात की और और बोला कि वह उसकी पत्नी को लेकर आ रहा है।

# शिक्षा नीति पर आयोजित संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने डाला गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश

भोपाल ,ईएमएस। प्राचीन भारत में गुरुकुल होते थे। जहां गुरु-शिष्य की परंपरा रहती थी। शिक्षक अनादि काल से श्रुति-स्मृति परंपरा का पोषक रहा रहा है। आज भी गुरु-शिष्य परंपरा बची है। यह बात राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग के पूर्व संकाय अध्यक्ष प्रो. गोपीनाथ शर्मा ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने च्भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षक और शिक्षाज विषय पर कहा कि गुरुकुल परंपरा सदियों से रही है। आज भी यह भारत में परंपरा देखी जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का आधार भारतीय ज्ञान परंपरा है और इसी ज्ञान परंपरा के आधार पर शिक्षक प्रशिक्षण किस प्रकार हो, इन विषयों को लेकर यह संगोष्ठी आयोजित है। संगोष्ठी में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन डा. रमण मिश्र ने किया। कार्यक्रम में भोपाल परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. हंसधर झा ने कहा कि वर्तमान में संस्कृत विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर इसे और बल मिलेगा। संगोष्ठी में शिक्षाविद् देवकीनंदन चौरसिया का विशिष्ट व्याख्यान हुआ। सत्र की अध्याक्ष प्रो. प्रभादेवी चौधरी एवं संचालक डा. दाताराम पाठक थे।



# भव्य गजरथ फेरी के साथ पंचकल्याणक महोत्सव का समापन

■ भोपाल, यशभारत।

शहर के बावड़िया कला में स्थित नए जिनालय में छह दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। आखिरी दिन भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। गजरथ फेरी को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जिनालय के आसपास शोभा यात्रा व गजरथ फेरी आकर्षक का केंद्र रही। आचार्य विद्या सागर महाराज के शिष्य मुनि अजित सागर महाराज, मुनि निर्दोष, निर्लोभ, मुनि निरूपम, एलक, दया, विवेकानंद सागर महाराज के सानिध्य में केसरिया ध्वज पताकाओं के तले भव्य गजरथ यात्रा निकली। भगवान जिनेन्द्र के रथ श्रद्धा व भक्ति के केंद्र थे। यहां विधि-विधान से क्रियाएं की गईं। विश्व शांति की कामना को लेकर महायज्ञ हुआ। इसके बाद निकली शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। मार्ग में जगह-जगह जिन प्रतिमाओं की आरती उतारी गई।

नवीन जिनालय के ध्वजारोहण पुण्यार्जक परिवार नरेन्द्र-सरिता मोदी एवं मुख्य शिखर पुण्यार्जक परिवार संजय-मीता जैन रहे। समाज के अध्यक्ष मनोज बांगा, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद हिमांशु ने मुनि संघ से आशीर्वाद लिया। अनुष्ठान के प्रतिष्ठाचार्य अशोक भैया, सुमत भैया, अविनाश भैया का सम्मान आयोजन समिति के प्रमुख शशि टोंग्या, राजेन्द्र जैन, अशोक जैन, महेन्द्र जैन एवं समस्त समिति द्वारा किया गया। शोभा यात्रा में मुख्य पात्र पुष्पेन्द्र-सविता (भगवान के माता-पिता), हिमांशु-शेफाली (सोधर्म इंद्र-इंद्राणी), नितिन-प्रज्ञा (कुबेर), महेंद्र-कांता (महायज्ञ नायक), अशोक-संगीता (यज्ञ नायक), संजय-मंजुषा (विधि नायक), सुमित-अंजली (भरत चक्रवर्ती), अतुल-अलका (कामदेव बाहुबली) रहे।

**जिनालय में विराजित की गई भगवान की मूर्तियां**

# हितग्राहियों के आधार लिंक एवं डीबीटी 15 मई तक करें पूर्ण-कलेक्टर

## जिला स्तरीय डीएलसीसी की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विशेष डी.एल.सी.सी की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक के लाड़ली बहना योजना के खाता खोले जाने की प्रगति, आधार अद्यतन किये जाने, डी.बी.टी इनेबल की समीक्षा की जाकर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान ई गवर्नेंस अधिकारी सौरभ नामदेव ने बताया कि लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जले की जनपद पंचायतो, नगर परिषद, एवं नगर निगम सीमान्तर्गत हितग्राहियों के कुल 2 लाख 40 हजार 501 आवेदन दर्ज किये जा चके है। जिनमें 1 लाख 77 हजार 666 बैंक खाते आधार से लिंक किये जा चुके है तथा 62 हजार 835 शेष है। इसके साथ ही जिले के 1 लाख 73 हजार 373 डी.बी.टी सक्रिय खाते है तथा 67 हजार 158 शेष है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा आवेदनों के कुल पंजीयन, बैंक खाते से आधार लिंक तथा डीबीटी से शेष हितग्राहियों का लक्ष्य आगामी 15 मई तक पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद नें कहा कि आधार लिंक तथा डीबीटी से शेष हितग्राहियों की कार्यवाही हेतु जिले के सभी बैंक ब्रांचों में इस हेतु पृथक काउंटर लगाये जायें एवं कॉर्डिनेशन हेतु प्रत्येक बैंक ब्रांच में संपर्क अधिकारी नियुक्त करें । सभी बैंक अपने कियोस्क संचालकों की ब्रांच वार सूची लीड बैंक मैनेजर के माध्यम से जिले को उपलब्ध करानें तथा ब्लॉक लेबल बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित कर बैंक से समन्वय हेतु प्रत्येक बैंक ब्रांच एवं कियोस्क में शासकीय सेवकों को दायित्व प्रदान करनें तथा प्रभारी अधिकारी के समन्वय से महिला बाल विकास की टीम को कैंप स्थल पर महिलाओं को मोबिलाईज करा कर बैंक खातों में आधार लिंक करायें या नया खाता खुलवानें की कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान सभी निकायों को प्रति दिवस किए गये कार्य की अद्यतन जानकारी से डी.सी.सी को अवगत कराने के साथ ही प्रतिदिन का 5 हजार से अधिक महिलाओं का बैंक आधार लिंक व डी.बी.टी कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाकर 15 मई तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करनें के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मार्गदर्शी बैक के प्रबंधक उधम बांड्रा सहित समस्त बैंकों के समन्वयक, शाखा प्रबंधक एवं नियंत्रक प्राधिकारीगण उपस्थित रहे। में शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने योजना का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को प्राप्त हो सके इस हेतु सभी निकायों एवं ग्राम पंचायत के वार्ड में छूटे हुए लक्षित आवेदकों की सूची तैयार किये जानें के साथ ही सभी निकायों एवं बैंक कियोस्क को क्लस्टर स्तर, जी.पी.एस स्तर तथा वार्ड स्तर पर अभियान चलानें हेतु रूपरेखा निर्धारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद योजना के तहत आवेदकों की सुविधा एवं



# कैमोर में बनेगी लाडली लक्ष्मी वाटिका

### 5 हजार पौधे लगाये जाने का संकल्प



**कैमोर,यशभारत।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और परिवार तथा समाज में सम्मान दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लागू की गई लाडली लक्ष्मी योजना के शुभारंभ के अवसर पर नगर परिषद कार्यालय भवन कैमोर में भी लाडली लक्ष्मी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा द्वारा नगर में लाडली लक्ष्मी वाटिका और लाडली लक्ष्मी पथ का निर्माण किये जाने की घोषणा की। लाडली लक्ष्मी वाटिका निर्माण की शुरुआत अध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने अर्क, पलाश, पीपल, शमी, उमर बरगद आदि के पौधे रोपकर की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष ने बताया कि लाडली लक्ष्मी वाटिका में 5 हजार पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया है। नगर परिषद का यह कार्य पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। लाडली लक्ष्मी वाटिका निर्माण के अलावा इस योजना के नाम पर लाडली लक्ष्मी पथ का निर्माण भी किया जायेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष केवट, पार्षद शांति यादव, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, नोडल अधिकारी पृथ्वीराज सिंह, बिहारी यादव, पूर्व उपाध्यक्ष अजय शर्मा आदि की उपस्थिति रही।



# मतदान केन्द्रों के बेसलाइन सर्वे रिपोर्ट की जांच

**कटनी,यशभारत।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुये कटनी जिले की विधानसभा क्षेत्र 93-मुड़वारा के 20 मतदान केन्द्रों का बेसलाइन सर्वे किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अनुपालन में अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 93-मुड़वारा एवं प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी को आयोग से प्राप्त निर्देशों के तहत महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं को प्रगणक नियुक्त कर बेसलाईन सर्वे उनकी सहमति के आधार पर उन्हें क्षेत्र में भेजे जाने के साथ ही विधानसभा क्षेत्र के लिये एक सुपरवाइजर (पर्यवेक्षक) की नियुक्ति शिक्षा विभाग द्वारा की जायेगी। सुपरवाईजर के पद पर ईएलसी के नोडल अधिकारी या एन सी सी के प्रभारी अथवा एन एस एस के प्रभारी तथा निर्वाचन से संबंधित प्रभारी, इनमें से किसी एक की नियुक्ति किये जाने के निर्देश प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय को दिये गये है। महाविद्यालय के नोडल अधिकारियों को 18 अप्रैल को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। उक्त नोडल अधिकारियों द्वारा दिनांक 28 एवं 29 अप्रैल 2023 को चयनित छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। सर्वे में सम्मिलित समस्त प्रगणक एवं छात्र- छात्राओं को 02 मई 2023 से 10 मई 2023 तक सर्वे किये जाने के संबंध में समस्त दस्तावेज संबंधित प्राचार्य द्वारा उपलब्ध कराये गये। कटनी जिले में 02 मई को दो मतदान केन्द्रों के 48 मतदाताओं से छात्र-छात्राओं द्वारा सर्वे किया जाकर आयोग द्वारा प्रेपित फार्मेट मैं जानकारी संकलित की गयी, जिसकी जांच बुधवार को अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा कटनी जिले के दौरा कार्यक्रम के दौरान की गई। जांच के दौरान नियुक्त प्रगणक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भरे गये प्रपत्रों के संबंध मे समक्ष में छात्र-छात्राओं से चर्चा की गयी और उनके द्वारा किये गये कार्यो के संबंध में जानकारी ली गयी। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा अपना पक्ष रखा गया जिससे अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल संतुष्ट हुये तथा 10 मई तक सर्वे किये जाने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश छात्र-छात्राओं को दिये गये। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी प्रिया चंद्रावत, कार्यपालन यंत्री आर.ई.एस. जी.पी.खटीक, तहसीलदार कटनी शहर आशीष अग्रवाल, तहसीलदार ग्रामीण चंद्रपाल इनवाती प्रोफेसर तिलक कॉलेज माधुरी गर्ग एवं आर.पी.सिंह की उपस्थिति रही।

# सीईओ ने निर्माणाधीन कार्यों किया औचक निरीक्षण

### गुणवत्तापूर्ण निर्माण, तय समय सीमा में पूर्ण किए जाने के दिए निर्देश



**कटनी,यशभारत।** निर्माणाधीन कार्य आंगनबाड़ी भवन, सुदूर सड़क, गेबियन एवं बाउंड्रीवॉल के साथ-साथ अन्य अपूर्ण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बुधवार की देर शाम, विकासखंड विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायतों बंजारी और पिपरा के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने सख्त लहजे में कहा कि निर्माण और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही नहीं बरती जावे अन्यथा सख्त कार्यवाही के लिए तैयार रहें। जायजा लेते हुए सीईओ ने कहा कि निर्माण कार्यों में तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने संचालित अन्य योजनाओं और गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। सीईओ श्री गेमावत ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन का लाभ अंतिम पंक्ति तक के पात्र हितग्राही तक पहुंचे, इस बात का विशेष ख्याल रखते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित ना रहे इसकी सतत रूप से निगरानी की जावे। जनपद स्तर के अधिकारी सघन रूप से गतिविधियों का अवलोकन एवं समय-समय पर निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के सीईओ के के पांडे एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# सुरक्षा जवान भर्ती शिविर का आयोजन

### समस्त विकासखंडों के अभ्यर्थी कर सकते हैं आवेदन

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिला अंतर्गत शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान किये जाने के उददेश्य से बुधवार को विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत में ब्लॉक कार्यपालन अधिकारी एवं ब्लॉक प्रबंधक आजीविका मीशन की उपस्थिति में सुरक्षा जवान भर्ती शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में 240 युवाओं ने हिस्सा लिया जिसमें 110 युवाओं का चयन किया गया। शिक्षित युवकों को रोजगार प्रदान करने हेतु गुरूवार 4 मई को ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत में सुरक्षा जवान शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थियों योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ दो फेटो लेकर भर्ती प्रक्रिया मे शामिल हो सकते है। अधिक जानकारी हेतु भर्ती अधिकारी मो नंबर -7509781949, 8707815095 पर संपर्क कर सकते है।




# नारकोटिक्टस एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु करें कड़ी कार्यवाही

**कटनी,यशभारत।** म0प्र0 शासन गृह विभाग भोपाल निर्देशानुसार जिले में नारकोटिक्स एक्ट एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय हेतु कार्यालय कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन की में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा मादक पदार्थों की अवैध ब्रिकी करने वाले व्यक्तियों के बारे मे सूचना का आदान-प्रदान कर सभी विभाग मिलकर नशा मुक्ति के विरुद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये गए। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को नशा करने वाले स्थानों को चिन्हित कर नशा करने वाले व्यक्तियो पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करनें एवं तहसीलदार थाना प्रभारियों को गांजा एवं अफीम की खेती का कार्य करने वाले व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित करनें व गांजा एवं स्मैक की ब्रिकी करने वाले चिन्हित क्षेत्रों के आदतन आरोपी के निवास स्थानों की पुलिस एवं राजस्व विभाग संयुक्त रूप से चेकिंग की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्कूलों, कॉलेजों आदि में नशीली दवाओं के दुरूपयोग विरोधी जगरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग मिलकर आयोजित कर बच्चों को जागरूक करनें के साथ ही स्कूल एवं कॉलेज परिसर के आस-पास नशा करने वाले व्यक्तियों की चौकिंग लगातार करनें तथा पान, गुटखा आदि की दुकाने हेतु 100 फीट की दूरी का पालन कराये जाने के निर्देश दिए गए। स्कूल एवं कॉलेज से कक्षा 8 से 12 वीं तक एवं कॉलेज के छात्रों द्वारा नशे का सेवन करनें की प्राप्त गोपनीय सूचनाओं को जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से पुलिस अधीक्षक, अति. पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस के अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक स्थानों पर धूमपान करने वाले, तम्बाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करनें एवं रात्रि के समय जिन स्थानों पर नशा करने के लिये व्यक्ति एकत्रित होते हैं, उन स्थानों की जानकारी प्राप्त कर संयुक्त रूप से कार्यवाही करनें, कोपटा अधिनियम के तहत नगर निगम एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान टीकर की जांच में मिली अनियमितता

### शिकायत पर कलेक्टर ने कराई जांच



**कटनी,यशभारत।** जिले की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से हितग्राहियों को शासन के नियमानुसार समय पर समुचित राशन प्रदान किया जाए, इसके लिए कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा लगातार सतत मॉनिटरिंग कराई जा रही है। शिकायत मिलने पर तत्काल जांच करा कर कार्यवाही भी कराई जा रही है। इसी क्रम में विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम टीकर की शासकीय उचित मूल्य की दुकान से हितग्राहियों को समय पर राशन प्रदान न किए जाने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इसकी जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ़ को दिए थे।

### लगाया गया अर्थदंड, दी चेतावनी

जांच में अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देशानुसार एसडीएम विजयराघवगढ़ द्वारा मध्य प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका 6 में प्रदत्त दंड एवम् शस्ती के तहत शासकीय उचित मूल्य की दुकान टीकर तहसील विजयराघवगढ़ की जमा प्रतिभूति राशि में से 5000 अंशतरू संपहत कर भविष्य में ऐसी त्रुटि का दोहराव न हो इसके लिए कड़ी चेतावनी दी गई है।

### गंभीरतापूर्वक नहीं किया जा रहा था दायित्व का निर्वहन

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर की गई जांच में पाया गया कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान ग्राम टीकर में विक्रेता भरत गर्ग द्वारा अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन नहीं किया जा रहा था। 7 हितग्राहियों को माह फरवरी 2023 और मार्च 2023 का राशन एक साथ मार्च माह में प्रदान किया गया। साथ ही दुकान सार्वजनिक अवकाश और रविवार को छोड़कर शेष दिवस 6 घंटे खुले होने के शासन के नियमों का भी उल्लंघन किया जाना पाया गया।

# ग्राम पठरा के हनुमान धाम तालाब का होगा जीर्णोद्धार

## कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया वादा निभाया, स्वीकृत किए 22.52 लाख रुपए

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा तहसील के ग्राम पठरा में हनुमान धाम समीप स्थित तालाब का जल्द जीर्णोद्धार कराया जायेगा। कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा तालाब जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए 22.52 लाख रुपए की राशि मनरेगा मद से स्वीकृत कर दी है। उल्लेखनीय है कि गत 16 मार्च को बड़वारा तहसील के भ्रमण कार्यक्रम दौरान ग्राम पठरा पहुंचे कलेक्टर श्री प्रसाद ग्रामीणों के साथ वहां पर स्थित तपोवन भूमि हनुमान धाम पहुंचे थे। जहां ग्रामीणों ने मंदिर के पास स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग कलेक्टर से की थी, जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने तालाब का निरीक्षण कर ग्रामीणों को तालाब के सौंदर्यीकरण का आश्वासन दिया था। अपने आश्वासन को महज डेढ़ माह में ही पूरा करते हुए कलेक्टर द्वारा हनुमान धाम तालाब जीर्णोधार की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करा कर मनरेगा मद से 22.52 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उक्त कार्य के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत पठरा को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत पठरा में तालाब का जीर्णोधार होने से ग्रामीणों को न सिर्फजल संकट से निजात मिलेगी। बल्कि भू जल संवर्धन के साथ साथ ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार भी प्राप्त होगा। तालाब के जीर्णोधार के साथ घाट का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।



Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show

From 28th April 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 28 April to 04 May, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| Bad Boy 2D Hindi | 11.00.00 AM | 120-120-120-300 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 1.15.00 PM | 140-170-220-350 |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 4.15.00 PM | 140-170-220-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 7.15.00 PM | 140-170-220-350 |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 10.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| **Audi-02** | **Show** | |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 1.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 4.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 7.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 10.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| **Audi-03** | **Show** | |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 10.30.00 AM | 120-120-120 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 1.30.00 PM | 120-140-140 |
| Bad Boy 2D Hindi | 4.30.00 PM | 120-140-140 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 6.45.00 PM | 120-140-140 |
| Bad Boy 2D Hindi | 9.45.00 PM | 120-140-140 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# 9 रन पर टीम ऑलआउट, 4 गेंद में मैच खत्म इंटरनेशनल क्रिकेट में हुआ बड़ा कारनामा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ तो आईपीएल चल रहा है, जहां हर मैच में नए नए कीर्तिमान बन रहे हैं, वहीं एक मैच ऐस भी हुआ है, जहां एक पूरी टीम नौ रन पर आउट हो गई और चार गेंद पर ही मैच खत्म भी हो गया। ये बात हम किसी घरेलू या मोहल्ले के मैच की बात नहीं कर रहे हैं। ये मैच इंटरनेशनल लेवल का था, लेकिन जब आप इस मैच का स्कोर बोर्ड देखेंगे और सुनेंगे तो आश्चर्य में पड़े बिना नहीं रह पाएंगे। इस मैच की खास बात ये भी रही कि एक भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को पार नहीं कर पाया और पूरा मैच करीब 12 ओवर तक चला। छह बल्लेबाज बिना खाता खेले शून्य पर आउट हो गए।

## थाईलैंड बनाम फिलिपींस महिला टीम के मैच में हुआ कारनामा

क्रिकेट में रोज कहीं न कहीं कोई न कोई मैच होता ही रहता है, और हर दिन नए कीर्तिमान बनते हैं। कहा जाता है कि रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं, लेकिन जब कोई शर्मनाक रिकॉर्ड बन जाए तो उसे कोई भी टीम या खिलाड़ी तोड़ना नहीं चाहता, ऐसा ही कीर्तिमान अब फिर से बना है। दरअसल एक मई को फिलीपींस महिला और थाईलैंड महिला क्रिकेट टीम के बीच मुकाबला खेला गया। फिलिपींस की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी, लेकिन टीम केवल नौ ही रन बना सकी और आउट हो गई। ये नौ रन भी बनाने के लिए टीम को 11.1 ओव तक बल्लेबाजी करनी पड़ी। फिलिपींस की ओर से जॉन एंड्रियानोब और जोना एगुइद ने दो दो रन का योगदान दिया। इसके बाद जेनिफर अलम्ब्रोक और कैथरीन बगाओइसांस्ट ने भी दो दो रन बनाए। बाकी कोई भी बल्लेबाज अपना खात नहीं खोल पाया। एलेक्स स्मिथ, अप्रैल सक्विलन जोएल गैलापिनस्ट समेत सभी बल्लेबाज शून्य पर आउट हो गए। मैच में सबसे ज्यादा 17 गेंदों का सामना जोना एगुइद ने खेलीं। जब टीम ऑलआउट हुई तो टीम का स्कोर 11.1 ओवर में नौ रन था। यानी थाईलैंड महिला क्रिकेट टीम जब रनों का पीछा करने के लिए उतरी तो उसके सामने जीत के लिए महज दस रनों का ही लक्ष्य था।

## कमाल का था थाईलैंड बनाम फिलिपींस महिला टीम का मैच

थाईलैंड की ओर से नन्नापत कोंचारोएंकाई ने दो गेंद पर तीन रन और नत्थाकन चंथम ने दो गेंद पर छह रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। नत्थाकन ने दोग गेंदों में एक चौका भी लगाया। इनका स्ट्राइक रेट 150 से भी ज्यादा का रहा। यानी टीम ने केवल चार ही गेंद पर दस रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। थाईलैंड के गेंदबाजों की बात की जाए तो थिपाचा पुथवोंग ने तीन रन देकर चार विकेट लिए, वहीं ओनिचा कामचोम्फु ने बिना कोई भी रन दिए हुए तीन प्लेयर्स को आउट किया। बाकी एक विकेट बूचाथम को भी मिला। बाकी फिलिपींस के दो खिलाड़ी रन बनाने के प्रयास में रन आउट भी हो गए। ये अपने आप में अद्भुत रिकॉर्ड है, जो सालों तक याद रखा जाएगा। देखना होगा कि ये रिकॉर्ड कभी टूट भी पाएगा या ऐसा ही बना रहेगा।



# विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंची सात्विक और चिराग की जोड़ी

## ध्रुव कपिला और अर्जुन की जोड़ी चार पायदान ऊपर आयी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप विजेता भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंच गयी है। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी की जीत के साथ ही इस चैंपियनशिप में भारत को 58 साल बाद स्वर्ण पदक मिला है। इससे पहले दिनेश खन्ना ने साल 1965 में इस चैंपियनशिप के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। सात्विक और चिराग ने विश्व बैडमिंटन (बीडब्ल्यूएफ) रैंकिंग में एक स्थान के लाभ के साथ ही पांचवा स्थान हासिल किया है। सात्विक और चिराग ने फाइनल में ओंग यू सिन और तियो ई यी की मलेशियाई जोड़ी को 16-21, 21-17, 21-19 से पराजित किया था। वहीं ध्रुव कपिला और एमआर अर्जुन की एक अन्य भारतीय पुरुष युगल जोड़ी भी अपने अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। ये जोड़ी 4 पायदान ऊपर आकर 23वें स्थान पर पहुंच गई है। इसके अलावा पुरुष एकल में एचएस प्रणय नौवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन एक-एक स्थान के लाभ के साथ ही 22वें और 23वें स्थान पर बरकरार हैं। मिथुन मंजूनाथ पांच पायदान ऊपर आकर विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर आ गये हैं। वहीं दूसरी ओर महिला एकल में स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु 12वें स्थान पर खिसक गई हैं सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी हैं जिससे उनकी रैंकिंग नीचे आयी है। जबकि तान्या हेमंत 55वें स्थान पर हैं। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी हाल के दिनो में अच्छे प्रदर्शन के बल पर दो स्थान के लाभ के साथ ही 17वें स्थान पर आ गयी है।

## आईपीएल में रोहित सबसे अधिक बार गोल्डन डक होने वाले चौथे खिलाड़ी बने

**मोहाली (ईएमएस)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल के 46 वें मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ गोल्डन डक पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट होकर पेवेलिन लौट गये। इसी के साथ ही रोहित के नाम एक ऐसा रिकार्ड दर्ज हो गया है जो कोई भी बल्लेबाज नहीं चाहेगा। रोहित पहली ही गेंद पर सबसे अधिक बार शून्य पर आउट होने वाले चौथे बल्लेबाज भी बन गये हैं। रोहित से पहले दिनेश कार्तिक, सुनिल नारायण और मनदीप सिंह भी आईपीएल में 15 बार शून्य पर आउट हुए हैं। रोहित के शून्य पर आउट होते ही प्रशंसक भड़क गये। इसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रॉल किया गया। इस मुकाबलें में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुम्बई को जीत के लिए 215 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रोहित अपना खाता खोल बिना ही पेवेलियन लौट गए। रोहित के नाम अब आईपीएल में सबसे ज्यादा 15 बार गोल्डन डक होने का एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है जिसे वह याद नहीं रखना चाहेंगे। रोहित ऐसे एकमात्र बल्लेबाज नहीं है जो इस प्रकार गोल्डन डक हुए हैं।

## राहुल आईपीएल से बाहर हुए, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में भी खेलना संदिग्ध



**मुम्बई (ईएमएस)।** लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान केएल राहुल चोटिल होने के कारण आईपीएल के इस 16 वें सत्र से बाहर हो गये हैं। राहुल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ हुए पिछले मुकाबले में क्षेत्ररक्षण के दौरान यह चोट लगी थी। अब उनका अगले माह 7 जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लंदन में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिन (डब्ल्यूटीसी) मुकाबले में भी खेलना संदिग्ध है। राहुल की दाहिनी जांघ में चोट लगी है और वह अगले माह तक शायद ही ठीक हो पाये। राहुल आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस के कवर ड्राइव को बाउंड्री पर रोकने का प्रयास कर रहे थे तभी उन्हें यह चोट लगी। अब वह स्कैन और आगे के इलाज के लिए मुंबई जाएंगे। राहुल पिछले काफी समय से फार्म से बाहर हैं। आईपीएल में भी अब तक खेले मैच में वह रन नहीं बना पाये थे। ऐसे में अब टीम से बाहर होने से उनकी भविष्य पर भी सवाल उठने लगे हैं। इस बार उनके लिए वापसी काफी कठिन होगी क्योंकि युवा खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। राहुल के अलावा तेज गेंदबाज जयदेव उनाकदट भी आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उनके भी कंधे में चोट है। बीसीसीआई के एक अधिकारी के अनुसार राहुल का स्कैन मुंबई में बीसीसीआई द्वारा तय चिकित्सा सुविधा में किया जाएगा। इसके साथ ही उनाकदट का भी इलाज होगा।



# पोन्नियिन सेल्वन 2 के रिव्यू पर अभिषेक ने की ऐश्वर्या के काम की तारीफ



**मुंबई(ईएमएस)।** अभिषेक बच्चन ने पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन के काम की तारीफ की है। गौरतलब है कि अभिषेक बच्चन ट्विटर पर एक्टिव रहते हैं। इस पर अगर कोई उन्हें या उनके परिवार के बारे में कुछ अच्छा-बुरा कहता है तो वो फौरन जवाब देते हैं। हाल में उन्होंने पोन्नियिन सेल्वन 2 का रिव्यू शेयर किया। मणिरत्नम की डायरेक्टेड फिल्म में उनकी पत्नी और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय मुख्य भूमिका में हैं। जहां अभिषेक ने फिल्म में ऐश्वर्या के काम की तारीफ की। वहीं एक शख्स ने उनसे कहा कि वो बेटी का ख्याल खुद रखें और पत्नी को ज्यादा फिल्में साइन करने दें। इस पर एक्टर ने रिएक्ट किया है। पोन्नियिन सेल्वन 2 पर अपने विचार साझा करते हुए अभिषेक बच्चन ने लिखा, पीएस 2 शानदार फिल्म है। अपनी फीलिंग्स बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। पूरी टीम ने बढ़िया काम किया है। मुझे अपनी पत्नी पर फक्र है क्योंकि शायद अभी तक का उनका ये सबसे बेहतरीन काम है। इसी ट्वीट पर एक यूजर ने कमेंट किया। लिखा, आपको गर्व होना भी चाहिए। अब आप उन्हें ज्यादा मूवीज साइन करने दीजिए और आप खुद बेटी आराध्या का ख्याल रखिए। इस पर अभिषेक बच्चन ने जवाब दिया। उन्होंने लिखा, मैं उन्हें साइन करने दूं सर, उनको मेरी किसी भी चीज में इजाजत की जरूरत नहीं है। खासकर उसमें जो उन्हें करने में अच्छा लगता है। अभिषेक के इस जवाब के बाद लोगों ने उनकी तारीफ करनी शुरू कर दी। लोगों ने कहा कि उन्होंने बढ़िया जवाब दिया है। एक ने कहा- पति हो तो ऐसा। एक ने कहा- बहुत सही कहा सर। हम आप दोनों को साथ में स्क्रीन पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक ने लिखा- सुनकर अच्छा लगा।

# प्यार में बदकिस्मत रहे हैं हम : सलमान खान



**मुंबई (ईएमएस)।** वह प्यार में बदकिस्मत रहे हैं, शायद उनकी अपनी गलतियों की वजह से। यह कहना है बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान का। एक मशहूर शो में जब सलमान खान से पूछा गया कि क्या वह प्रेम संबंधों पर आत्मकथा लिखने का इरादा रखते हैं। इस पर सलमान ने जवाब देते हुए कहा कि मेरी लव स्टोरियां मेरे साथ कब्र तक जाएंगी। जब सलमान से शादी करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब में कहा, जब ऐसा कोई आएगा तो हो जाएगा सर। वास्तव में, सभी अच्छे हैं, मेरी पिछली सभी गर्ल फ्रेंड अच्छी थीं, गलती मुझमें है। पहले वाला गया तो उसका दोष हो सकता था, दूसरा गया और तीसरा गया तो उनमें दोष हो सकता है, लेकिन चौथे के साथ संदेह पैदा होता है कि दोष उनका है या मेरा। पांचवें मामले में यह 60 - 40 हो सकता था। लेकिन जब ज्यादा हो गया, तब पक्का हो गया कि गलती मेरी ही थी। उनमें से किसी की कोई गलती नहीं थी। यह केवल मेरी गलती है। शायद उनके मन में एक तरह का डर था कि कहीं मैं उन्हें जिंदगी में खुशी न दे सकूं। मुझे यकीन है कि वे जहां भी हैं खुश हैं। होस्ट रजत शर्मा ने फिर पूछा, पूरी दुनिया जानना चाहती है कि तुम कब शादी करोगी। इस पर सलमान ने जवाब देते हुए कहा कि सर, जब खुदा की मर्जी होगी। शादी के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। पहले मामले में शादी नहीं हुई। जब मैंने हां कहा, तो किसी ने ना कह दिया। जब किसी ने हां कहा, तो मैंने ना कहा। अब दोनों तरह से न है। जब दोनों पक्ष हां कहेंगे, तो शादी हो जाएगी। अभी भी समय है। मैं 57 साल का हूं। मैं चाहता हूं कि यह समय पहला और आखिरी हो। मतलब एक बीवी होनी चाहिए। फिर होस्ट ने पूछा कितने बच्चे चाहिए? इस पर सलमान ने जवाब दिया, जितना संभव हो उतना।

# राजू के रूप में अरविंद स्वामी कस्टडी की कुंजी हैं: नागा चैतन्य

**हैदराबाद, एजेंसी।** अरविंद स्वामी ने नागा चैतन्य की आगामी रिलीज, कस्टडी में एक प्रमुख भूमिका निभाई। यह फिल्म 12 मई को तेलुगु और तमिल के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। नागा चैतन्य की यह पहली द्विभाषी फिल्म है। नागा चैतन्य ने कस्टडी में एक पुलिसकर्मी की भूमिका निभाई। वेंकट प्रभु फिल्म के निर्देशक हैं। मेकर्स के मुताबिक, फिल्म एक एक्शन से भरपूर थ्रिलर होने वाली है। चूंकि कस्टडी एक द्विभाषी फिल्म है, वेंकट प्रभु ने अरविंद स्वामी को फिल्म में नागा चैतन्य के विपरीत बल के रूप में चुना। अरविंद स्वामी के किरदार का नाम राजू है और वह फिल्म में एक स्थानीय गैंगस्टर के रूप में नजर आएंगे। निर्माताओं ने हाल के प्री-रिलीज़ इवेंट में कहा कि अरविंद स्वामी की उपस्थिति और प्रदर्शन कस्टडी की सफलता की कुंजी होगी। हम सभी जानते हैं कि अरविंद स्वामी ने पहले राम चरण की ध्रुव में अपने शानदार प्रदर्शन से तेलुगु दर्शकों को चौंका दिया था। कई सालों के बाद अभिनेता एक बार फिर कस्टडी में पर्दे पर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। कस्टडी में सरथकुमार भी एक अन्य महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। मुख्य अभिनेत्री कृति शेट्टी हैं। इलैयाराजा और युवान शंकर राजा ने फिल्म के लिए संगीत तैयार किया। कस्टडी का निर्माण श्रीनिवास चित्तूरी ने श्रीनिवास सिल्वर स्क्रीन के बैनर तले किया है। फिल्म का ऑफिशियल ट्रेलर कल 5 मई को रिलीज किया जाएगा।





## 2024 में वही होगा जो 2019 में हुआ था:कंगना रनौत

**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत कल गंगा आरती और देवी - देवताओं का आशीर्वाद लेने हरिद्वार पहुंची। इस दौरान उन्होंने आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया दी। कंगना ने कहा- चुनाव को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता है, लेकिन 2024 में वही होगा जो 2019 में हुआ था। बता दें कि, कंगना के निर्देशन में बनी इमरजेंसी जल्दी ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वह दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में कंगना के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, विशाक नायर और श्रेयस तलपड़े प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मालूम हो कि पंगा क्वीन कंगना रनौत की राजनीति में दिलचस्पी को देखते हुए लंबे समय से कयास लगाए जा रहे है कि वे बालीवुड की तरह राजनीति में सफलता के झंडे गाढ सकती है।

# अर्जुन रामपाल बिना शादी के करेंगे दूसरे बच्चे का स्वागत



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल बिना शादी के दूसरे बच्चे का स्वागत करने को तैयार है। एक्टर की गर्लफ्रेंड ने यह खुशखबरी दी है।अर्जुन राजपाल की गर्लफ्रेंड और साउथ अफ्रीकन मॉडल गैब्रिएला डेमेट्रियड्स ने अपने नए पोस्ट से बताया है कि वह जल्द ही अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। गैब्रिएला डेमेट्रियड्स ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अपने बेबी की कुछ खास तस्वीरों को भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'रियलिटी या आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस?' मैटरनिटी फोटोशूट से गैब्रिएला को देख फैंस उन्हें और अर्जुन को कमेंट सेक्शन में कमेंट कर उन्हें बधाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि 18 जुलाई 2019 अर्जुन रामपाल और ग्रैब्रिएला ने बेटे अरिक रामपाल का स्वागत किया था। ग्रैब्रिएला जहां अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करेंगी। वहीं अर्जुन चौथी बार पिता बनने जा रहे हैं। बता दें कि अर्जुन ने 1998 में सुपरमॉडल मेहर जेसिया से शादी की थी। इस शादी से दो बेटियां महिका और मायरा हैं। महिका का जन्म 2002 में जबकि मायरा का जन्म 2005 में हुआ था। हालांकि अफसोस अर्जुन-मेहर ने साल 2019 का तलाक हो गया। शादी के 21 साल बाद दोनों एक दूसरे से हमेशा के लिए अलग हो गए। मेहर अलग रहने के बाद अर्जुन अपनी गर्लफ्रेंड और बेटे के साथ अगल रहने लगे थे। दोनों करीब 7 साल रिलेशनशिप में हैं। मालूम हो कि अर्जुन रामपाल भले ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ की वजह से खबरों में कम रहते हो, लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ हमेशा से ही सुर्खियों में रही है। इस बार भी वह अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से खबरों में हैं।



## कारोबारी से 95 लाख की धोखाधड़ी

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत एक कारोबारी के साथ 94 लाख 80 हजार रूपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक माधवनगर के संत कंवरराम वार्ड स्थित शिवा एग्रो इंडस्ट्रीज संचालक मनोज कुमार पिता मूलचंद राजपाल ने विकास मोटवानी व राजेश छवानी पर 94 लाख 80 हजार की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 406 के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## युवक से मारपीट

कटनी, यशभारत। कोतवाली थाना क्षेत्र के नई बस्ती में एक युवक के साथ कुछ युवकों ने शराब पीने के लिए रुपए न देने पर रास्ता रोककर मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि आशीर्वाद उर्फ अमन रजक की शिकायत पर नीरज उर्फ केतु रजक, सुम्मी, शहबाज खान तथा मयंक रैकवार के खिलाफ एक राय होकर रास्ता रोककर शराब पीने के लिये पैसे मांगना तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया गया है।





### विजयराघवगढ़ के बंजारी में भीषण सड़क हादसा, मौके पर पहुंचे विधायक

# बारातियों से भरी पिकअप मिनी ट्रक से टकराई, एक की मौत, 10 घायल

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बंजारी स्थित स्टेडियम के समीप बारातियों से भरा पिकअप वाहन व ट्रक में आमने-सामने सीधी भिड़ंत हो गई। पिकअप वाहन कैमोर के लबेहरा गांव से बारात लेकर बरही के गैरतलाई जा रहा था। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि पिकअप वाहन में सवार 10 लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पाकर विजयराघवगढ़ विधायक एवं पूर्वमंत्री संजय सत्येन्द्र पाठक मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कैमारे के लबेहरा से कोरी परिवार की बारात बरही के गैरतलाई जा रही थी। पिकअप वाहन में बैडंबाजा वाले लगभग एक दर्जन लोग सवार थे। वाहन जब बंजारी पहुंचा तो सामने से चले रहे मिनी ट्रक से पिकअप अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर लगते ही पिकअप में सवार कुछ लोग दूर जा गिरे तो कई वाहन में ही फंस गए। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े।

इसी दौरान विजयराघवगढ़ विधायक एवं पूर्वमंत्री संजय सत्येन्द्र पाठक भी दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। विधायक श्रीपाठक ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निजी व 108 वाहन से अस्पताल भिजवाया और इसके बाद विधायक श्रीपाठक विजयराघवगढ़ अस्पताल भी पहुंचे। पुलिस के मुताबिक इस दुर्घटना में विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम मझगवां निवासी 30 वर्षीय राकेश कोरी की मौत हो गई है जबकि विजयराघगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 8 लोगों को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। जिसमें मुलईराम, राजा बसोर, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित अन्य शामिल हैं। पुलिस ने मिनी ट्रक चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है।

## बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के मेर पहरुआ गांव में सड़क किनारे टहल रहे एक वृद्ध को बीती रात एक बाइक चालक ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। घटना में वृद्ध को गंभीर चोटें आई है। गुरुवार को उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के मेर पहरुआ निवासी 65 वर्षीय शिवरतन मेहरा देरशाम घर के सामने सड़क किनारे टहल रहा था। वहीं खम्हरिया से खमतरा की तरफ जा रहे बाइक क्रमांक एम.पी.18एमक्यू-6618 के चालक ने वृद्ध को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया। घटना में वृद्ध घायल हो गया। परिजनों ने घायल वृद्ध को उमरियापान अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने वृद्ध को जबलपुर मेडिकल के लिए रिफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

**ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के मेर पहरुआ गांव की घटना**



# जेल गए गांजा तस्करी के दोनों आरोपी

### डस्टर कार में उड़ीसा से मैहर ले जा रहे थे मादक पदार्थ, बरही पुलिस ने की थी कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के मामले में कटनी पुलिस ने तीन सप्ताह के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को बरही पुलिस ने डस्टर कार से अनुमानित 10 लाख रुपए मूल्य का 96 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में दो तस्कर भी गिरफ्तार किए गए हैं जो ओडिशा से गांजे की खेप लेकर सतना जिले के मैहर जा रहे थे। इससे पहले स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्रेनाइट लोड ट्रक से 125 किलोग्राम गांजा बरामद किया था। इसे ओडिशा से उमरियापान के रास्ते छतरपुर ले जाने की तैयारी थी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को बरही पुलिस को गांजे की खेप आने की सूचना मिली थी। इस पर हरतला पुलिया के पास अमरपुर में चेकिंग लगाई गई थी। तभी तेज रफ्तार डस्टर कार क्रमांक एम.पी.19सीसी-3268 आई। रोकने पर वाहन में बैठे दो लोग हड़बड़ा गए।

तलाशी लेने पर डिग्गी से 96.5 किलोग्राम गांजा प्लास्टिक की बोरी में पैक मिला। उल्लेखनीय है कि विंध्य व बुंदेलखंड में हो रही गांजा तस्करी का कटनी नया रूट बन गया है। उड़ीसा व आंध्रपदेश से गांजा की खेप कटनी होते हुए ठिकानों तक पहुंच रही है। बहरहाल मामले के खुलासे के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष में आयोजित पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने बताया कि गांजा सतना जिले के मैहर ले जाया जा रहा था। कार सवार पड़ोसी जिला सतना के मैहर थाना अंतर्गत ग्राम भदनपुर निवासी 27 वर्षीय अनुज पिता पुरूषोत्तम जायसवाल व 42 वर्षीय गणेश पिता भगवानदीन बहेलिया को गिरफ्तार किया गया है। वाहन भी जप्त कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि अनुज जायसवाल गांजा तस्करी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस आरोपियों से सप्लायर और डिलेवरी लेने वाले लोगों के बारे में पूछतांछ कर रही है। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8, 20 के तहत कार्रवाई की गई है। बरही थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि मामले में आवश्यक लिखापढ़ी के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

### सह आरोपियों को भी न्यायालय ने सुनाई सजा



**कटनी, यशभारत। नवम अपर सत्र न्यायाधीश राजकुमार यादव की अदालत ने सुरेन्द्र चौधरी की हत्या के मामले में आरोपी जितेन्द्र चौधरी को आजीवन कारावास, सह आरोपी ग्राम इमलिया निवासी राजेन्द्र चौधरी व वरदानी चौधरी तथा ग्राम जोबीकला निवासी अजय कुमार चौधरी को तीन-तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है।** अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक रजनीश सोनी ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया में 25 अक्टूबर 2020 की रात साढ़े 10 बजे दुर्गा प्रतिमा का तालाब में विसर्जन करके लौटते वक्त पुरानी रंजिश के चलते जितेन्द्र चौधरी ने सुरेन्द्र चौधरी के सिर में लट्ठ से हमला कर दिया था, जिससे सिर फट गया था। जानकारी मिलने पर घायल के पुत्र और परिजन पहुंचे तो जितेन्द्र, राजेन्द्र चौधरी, वरदानी चौधरी व अजय कुमार ने लाठी, राड से उन पर भी हमला कर दिया। घायल सुरेन्द्र को परिजन मोटर सायकल से जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच के कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने गवाहों, पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होते हुए अभियुक्त जितेन्द्र चौधरी को धारा 302 में उम्र कैद एवं 5-5 जार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं सह अभियुक्तों राजेन्द्र चौधरी, वरदानी चौधरी व अजय कुमार चौधरी को धारा 323, 34 में 3-3 माह के सश्रम कारावास व 5-5 सौ रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## राहुल पांडे बने यातायात प्रभारी



**कटनी, यशभारत।** पुलिस मुख्यालय से बुधवार की शाम जारी हुई एक तबादला सूची में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में पदस्थ रक्षित निरीक्षक राहुल पांडे को यातायात प्रभारी बनाया है। वहीं पुलिस लाइन में पदस्थ रक्षित निरीक्षक लवली सोनी का तबादला नरसिंहपुर पुलिस लाइन कर दिया गया है। लवली सोनी की जगह डिंडोरी में पदस्थ संध्या ठाकुर को पुलिस लाइन कटनी में पदस्थ किया गया है।

## बस की टक्कर से युवक घायल

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जालपा मढ़िया के पास बस की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि महावीर सिंह निवासी बाबू जगमोहन वार्ड की शिकायत पर बस क्रमांक एमपी 20 पी 0336 के चालक पर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है।

## नाबालिग की हत्या के आरोपी को उम्रकैद

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धरमिंदर सिंह राठौड़ की न्यायालय ने स्लीमनाबाद क्षेत्र के राखी ग्राम में हुई नाबालिग 17 वर्षीय अभिषेक पिता गोरेलाल बर्मन की हत्या के आरोपी 32 वर्षीय दीपू उर्फ दीपक पिता इमरत उर्फ भूखलाल बर्मन को आजीवन कारावास एवं पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश पारित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक रजनीश सोनी ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार 22 मार्च 2022 को आरोपी दीपू उर्फ दीपक बर्मन ने अभिषेक के सिर में पांच किलो वजनी पत्थर पटक दिया था। जिससे किशोर की मौत हो गई थी। आरोपी को गांव के लोग है सिरफिरा बताते थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा एवं मामले की विवेचना कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। गवाहों के बयान, साक्ष्यों एवं अभियोजन अधिकारी के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने उपरोक्त अनुसार दंडित करने का आदेश पारित किया।




सुनहरा अवसर

देश की अग्रणी ट्रेक्टर कंपनी आयशर ट्रेक्टर्स एवं समस्त कृषि उपकरणों के लिए ब्लाक व तहसील स्तर पर सबडीलरशिप देना है।

नोट :- अनुभवी एवं इनवेस्टमेंट करने वालों को प्राथमिकता।

स्थान :- आयशर वर्कशॉप चौरसिया मैरिज गार्डन के सामने एन.एच.7 मैहर रोड कुठला कटनी पिन-483501 फोन-8770038387, व्हाट्सएप-8878838502




अब बार-बार लाइट जाने से छुटकारा 9 वॉट इन्वर्टर बल्व उपलब्ध है।

एलईडी बल्ब, ट्यूबलाईट, पंखे 50 वॉट (कॉपर वाइंडिंग) 2 साल की वारंटी सहित मिलने का एकमात्र स्थान

एलईडी हाउस

संपर्क - वेंकट खंडेलवाल जयदयाल रोड सुभाष वार्ड कटनी मो.9893009212

JOB OPENING

Requirement/Skills

1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills

The Dinesh Goods Transport Co.

Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.

Contact- Ayush Jain Mo. 8989020207

डॉ. कनिका अग्रवाल

M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)

पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई

चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक

मिलने का समय- सोमवार से शनिवार सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।

महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

डॉ. निशा श्रीवास्तव

एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट

Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ

नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज

इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टॉसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर

पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003, Email:-nisha.drent@gmail.com

अस्पताल में कार्य करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है

1. जूनियर ड्यूटी डॉक्टर
2. नर्सिंग स्टाफ
3. लैब टेक्नीशियन
4. वार्ड बॉय
5. सिक्योरिटी गार्ड
6. सफाई कर्मचारी

डॉ. अनमोल चौदहा

एमडी (शिशु रोग) एफ.आई.एन. (बाम्बे) पी.जी.पी.एन. (बोस्टन, यू.एस.ए.) फेलोशिप इन न्योनेटालाजी नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ वाडिया हॉस्पिटल, बाम्बे

जी.डी. मेमोरियल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

डन कॉलोनी बरगवां, कटनी

संपर्क:-फोन- 07622-494511, मो. 9893723087

SHRI HOSPITAL KATNI

डॉ. दीपक सक्सेना

डॉ. शोभना सक्सेना

विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ

डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ

संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी 9425325316, 9425151543, 9752414316

SGAT | Johnson Pedder | SETMAX CERAMIC | AVENUE

शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स

सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता

पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.), मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362 ईमेल- sgatkani11@gmail.com






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)